वर्ष 24, अंक 97, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई 'मेड इन इंडिया' की ताकत, कुरनूल बनेगा ड्रोन हब- पीएम

**आंध्र प्रदेश**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के निम्मलुरु में एडवांस्ड नाइट विजन फैक्ट्री के उद्घाटन की सराहना की और बताया कि कैसे यह तकनीक भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ाने और ड्रोन तकनीक व उद्योग के विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यहाँ एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि निम्मलुरु में एडवांस्ड नाइट विजन फैक्ट्री का उद्घाटन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक और कदम है। यह फैक्ट्री नाइट विजन डिवाइस, मिसाइल सेंसर और ड्रोन गार्ड सिस्टम बनाने की भारत की क्षमता को बढ़ाएगी। यहाँ निर्मित उपकरण भारत के रक्षा निर्यात को भी



बढ़ाएँगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भारत में निर्मित उत्पादों की ताकत देखी गई। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम भारत-निर्मित उत्पादों की शक्ति देख चुके हैं। मुझे खुशी है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने कुरनूल को भारत का ड्रोन हब बनाने का संकल्प लिया है। ड्रोन उद्योग कुरनूल और आंध्र प्रदेश में भविष्य की तकनीक से जुड़े कई नए क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देगा। ऑपरेशन सिंदूर में ड्रोन की प्रतिभा ने दुनिया को चकित कर दिया है। भविष्य में, कुरनूल ड्रोन क्षेत्र में एक राष्ट्रीय शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

राष्ट्र को समर्पित रक्षा विनिर्माण को मजबूत करने के लिए, कृष्णा जिले के निम्मलुरु में एडवांस्ड नाइट विजन प्रोडक्ट्स फैक्ट्री की स्थापना भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा लगभग 360 करोड़ रुपये के निवेश से की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सुविधा भारतीय रक्षा बलों के लिए उन्नत इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम का निर्माण करेगी, जिससे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और क्षेत्र में कुशल रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सुविधा भारतीय रक्षा बलों के लिए उन्नत इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम का निर्माण करेगी, जिससे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और क्षेत्र में कुशल रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में विकास की तीव्र गति का श्रेय मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने "आंध्र प्रदेश की क्षमताओं की उपेक्षा" करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा।

### 140 करोड़ भारतीयों की होगी 21वीं सदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लगभग 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। मोदी ने आंध्र प्रदेश गौरव और समृद्ध संस्कृति की भूमि है। यह विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है। इस राज्य में असीम संभावनाएँ और अपार क्षमताएँ हैं। उन्होंने कहा कि आंध्र को सही दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में, राज्य को अब वह दृष्टिकोण और केंद्र सरकार का समर्थन दोनों प्राप्त है।

मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन वाली सरकार की ताकत से, राज्य अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है। जैसा कि चंद्रबाबू गारू ने ठीक ही कहा है, इस अजेय गति को देखते हुए, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ: 2047 तक, जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, यह सचमुच एक विकसित भारत होगा। उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूँ कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। 21वीं सदी 140 करोड़ भारतीयों की होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सड़क, बिजली, रेलवे, राजमार्ग और व्यापार से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। इन पहलों से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन आसान होगा। इन परियोजनाओं से कुरनूल और आसपास के क्षेत्रों को बहुत लाभ होगा।

## भारत रूस से तेल खरीदेगा या नहीं? विदेश मंत्रालय का आ गया जवाब

## रूसी तेल हमारा राष्ट्रीय हित, उपभोक्ताओं की रक्षा

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा. उन्होंने यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा भी दिलाया है. ट्रंप के इस बयान के ठीक बाद भारत के विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया सामने आई है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार (16 अक्टूबर) को कहा कि भारत तेल या गैस का आयात यहां के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर करता है. हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर ट्रंप के दावों का खंडन नहीं किया.

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "भारत तेल और गैस का एक अहम आयातक है. अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ता के हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता रही है. हमारी आयात नीतियां पूरी तरह से इसी के आधार पर हैं. स्थिर ऊर्जा कीमतों और सुरक्षित आपूर्ति को सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा



नीति के दो अहम लक्ष्य रहे हैं. इसके तहत हम अपने ऊर्जा स्रोतों का विस्तार कर रहे हैं और बाजार को देखते हुए कई बदलाव भी कर रहे हैं."

ऊर्जा के मामले पर अमेरिका से भी चल रही बातचीत

विदेश मंत्रालय ने कहा, "जहां तक अमेरिका का सवाल है, हमने कई सालों से अपनी ऊर्जा खरीद को बढ़ाने का प्रयास किया है. यह प्रक्रिया पिछले दशक से लगातार आगे बढ़ी है. अमेरिका की मौजूदा सरकार ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने में रुचि दिखाई है. इस पर बातचीत चल रही है."

ट्रंप को भारत के रूस से तेल खरीदने से काफी दिक्कत रही है. उन्होंने इसी वजह से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ भी लगा दिया था।.

लेकिन ट्रंप ने बुधवार को चौंकाने वाला दावा कर दिया. उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि अब भारत, रूस से तेल नहीं खरीदेगा. हालांकि भारत कई बार स्पष्ट कर चुका है कि वह रूस से तेल की खरीद अपने लोगों के हितों को ध्यान में रखकर करता रहेगा।

### तेजस्वी यादव के पास करीब 8.1 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति

**राघोपुर**

**राष्ट्रीय** जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के पास करीब 8.1 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है। यह जानकारी उनके नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथपत्र में दी गई है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शपथपत्र के अनुसार, यादव की पत्नी राजश्री उर्फ रैचेल आयरिस गोडिन्हो के पास 1.88 करोड़ रुपये की संपत्ति है।राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में छह नवंबर को मतदान होगा। तेजस्वी यादव वर्तमान में इसी सीट से विधायक हैं। उन्होंने पहली बार 2015 में इस सीट से जीत हासिल की थी।

## राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला!

### ऑपरेशन सिन्दूर से लेकर रूसी तेल तक, पीएम मोदी ने ट्रंप के आगे घुटने टेके

**अमेरिका**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक नए दावे को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ट्रंप से डरे हुए हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यवह (मोदी) मेरे मित्र हैं। हमारा बहुत अच्छा रिश्ता है। मेरे मित्र ने मुझे आश्वासन दिया है कि रूस से कोई तेल खरीद नहीं होगी।



ट्रंप से डरे हुए हैं प्रधानमंत्री मोदीः राहुल गांधी

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप से डरे हुए हैं। उन्होंने ट्रंप को यह निर्णय लेने दिया और घोषणा करने दी कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार आलोचना के बावजूद ट्रंप को सराहना वाले संदेश भेजते रहते हैं। राहुल गांधी ने कहा, वित्त मंत्री का अमेरिका दौरा रद्द हो गया। शर्म अल-शेख (गाजा शांति प्रस्ताव से संबंधित शिखर सम्मेलन) में भाग नहीं लिया गया। ऑपरेशन सिन्दूर पर ट्रंप के दवा का खंडन नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख निर्णयों को अमेरिका को आउटसोर्स कर दिया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख निर्णयों को अमेरिका को आउटसोर्स कर दिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 10 मई, 2025 को भारतीय समय के अनुसार शाम 5:37 बजे, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सबसे पहले घोषणा की कि भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर रोक दिया है।

### उच्च न्यायालय ने फरुर्खाबाद पुलिस मामले में निर्णय सुरक्षित रखा

**इलाहाबाद**

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में बुधवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। इस मामले में पुलिस ने कथित तौर पर याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने के लिए बाध्य किया था। सुनवाई के दौरान, फरुर्खाबाद की पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की पीठ ने संबंधित पक्षों को सुनने के बाद प्रीति यादव नाम की महिला द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर निर्णय सुरक्षित रख लिया। यादव ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता नंबर 2 और 3 को प्रतिवादियों द्वारा आठ सितंबर को रात नौ बजे अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और 14 सितंबर को रात 11 बजे रिहा किया गया। आरोप है कि रिहा किए जाने के समय याचिकाकर्ता से जबरदस्ती एक पत्र लिखवाया गया कि याचिकाकर्ता 2 और 3 को हिरासत में नहीं लिया गया।



पुडुचेरी के उपराज्यपाल श्री के. कैलाशनाथन ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## जदयू ने जारी की 44 कैंडिडेट्स की लिस्ट, इन सीटों पर उतारे मुस्लिम उम्मीदवार

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (खउ्र) ने 44 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में केसरिया से शालिनी मिश्रा, शिवहर से श्वेता गुप्ता और सुरसंड सीट के लिए नागेंद्र राउत को टिकट दिया गया है. जेडीयू की इस लिस्ट में 4 मुस्लिम उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं.

जेडीयू की दूसरी कैंडिडेट लिस्ट में ये हैं नाम-

जमा खान से चैनपुर
चेतन आनंद से नवीनगर
महाबली सिंह से काराकाट
सबा जफर से आमौर
मंजर आलम से जोखी हाट
सगुफ्ता अजीम से अररिया
शालिनी मिश्रा से केसरिया
श्वेता गुप्ता से शिवहर
सतीश साह से लौकहा
चंद्रेश्वर चंद्रवंशी से जहानाबाद
ऋतुराज कुमार से घोसी
वशिष्ठ सिंह से करगहर
वाल्मीकिनगर से धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह
सिकटा से समृद्ध वर्मा
नरकटिया से विशाल साह
केसरिया से शालिनी मिश्रा
शिवहर से श्वेता गुप्ता
सुरसंड से नागेन्द्र राऊत
रुन्नीसैदपुर से पंकज मिश्रा
हरलाखी से सुधांशु शेखर



बाबूबरही से मीना कामत
फुलपरास से शीला मंडल
लौकहा से सतीश साह
निर्मली से अनिरूद्ध प्रसाद यादव
पिपरा से राम विलास कामत
सुपौल से विजेन्द्र प्रसाद यादव
त्रिवेणीगंज (अ.जा.) से सोनम रानी सरदार
रानीगंज (अ.जा.) से अचमित ऋषिदेव
अररिया से शगुफ्ता अजीम
जोकीहाट से जनाब मंजर आलम
ठाकुरगंज से गोपाल अग्रवाल
अमौर से सबा जफर
रूपौली से कलाधर मंडल
धमदाहा से लेशी सिंह
कदवा से दुलालचंद्र गोश्वामी
मनिहारी (अ.ज.जा.) से शंभु सुमन
बरारी से विजय सिंह निषाद
गोपालपुर से बुलो मंडल
सुल्तानगंज से डॉ. ललीत नारायण मंडल
कहलगांव से शुभानंद मुकेश
अमरपुर से जयंत राज
धोरैया (अ.जा.) से मनीष कुमार
बेलहर से मनोज यादव
चैनपुर से मो० जमा खान।

### 60 करोड़ धोखाधड़ी: कर्ज को निवेश बताने का खेल

**मुंबई**

**व्यवसायी** राज कुंद्रा और उनकी अभिनेत्री-पत्नी शिल्पा शेट्टी से जुड़े 60 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में धन के लेन-देन की जांच की जा रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों द्वारा किए गए खर्च वास्तविक थे या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) 2015 से इस दंपति से जुड़ी एक कंपनी के बैंक खातों की जांच कर रही है और यह पता लगा रही है कि उसमें बताए गए खर्च वास्तविक थे या नहीं।

उन्होंने बताया कि खातों की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि शेट्टी को कंपनी से फीस के रूप में चार करोड़ रुपये मिले थे। अधिकारी ने बताया कि अब बंद हो चुकी इस कंपनी से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मुंबई के जुहू थाने में शेट्टी और कुंद्रा के खिलाफ व्यवसायी दीपक कोठारी से लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था।

### 'मैं शक्तिहीन सीएम ', अपने ही खेमे से आलोचना!

## उमर अब्दुल्ला का जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप एक साल

**जम्मू कश्मीर**

**जम्मू कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया। हालांकि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने का उनका वादा अब भी पूरा होता नजर नहीं आता जो कि उनके प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। अब्दुल्ला ने पिछले साल 16 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनकी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भारी जीत



हासिल की थी जो लगभग एक दशक में पार्टी की पहली जीत थी। अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अधिकतर वादे अब भी अधूरे हैं।

अपने घोषणापत्र ह्यगरिमा, पहचान और विकासह्ण में पार्टी ने 2000 में जम्मू कश्मीर विधानसभा द्वारा पारित स्वायत्तता प्रस्ताव के पूर्ण कार्यान्वयन, अनुच्छेद 370 और 35ए के संबंध में यथास्थिति बहाल करने और पांच अगस्त, 2019 से पहले की स्थिति के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रयास करने का वादा किया। पार्टी ने वादा किया था कि अंतरिम अवधि में वह जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर सरकार के कामकाज के नियम, 2019 को फिर से तैयार करने का प्रयास करेगी।

घोषणापत्र में कहा गया था कि पार्टी पांच अगस्त, 2019 के बाद जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को प्रभावित करने वाले कानूनों को संशोधित, अमान्य और निरस्त करने का प्रयास करेगी और जम्मू कश्मीर के लोगों के भूमि एवं रोजगार के अधिकारों की रक्षा करेगी। हालांकि, पहले वर्ष में नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार इन वादों को पूरा करने की दिशा में कुछ खास नहीं कर पाई है।

## रामनगरी अयोध्या में 200 करोड़ का राजकोषीय नुकसान?

**अयोध्या**

**अयोध्या** नगर निगम की ऑडिट रिपोर्ट में उजागर 200 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं ने राज्य सरकार को जवाबदेही के कटघरे में खड़ा कर दिया है। महापौर ने भले ही सभी ऑडिट आपत्तियों का बिंदुवार जवाब देने और कमी पाए जाने पर दोषी अधिकारियों को दंडित करने का आश्वासन दिया है, लेकिन यह मामला अब यूपी की राजनीति में प्रमुख बहस का मुद्दा बन गया है। अयोध्या नगर निगम में कथित



अनियमितताओं की वजह से उत्तर प्रदेश सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये के नुकसान होने संबंधी एक ऑडिट रिपोर्ट से प्रदेश में राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या संभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के उप निदेशक की वित्त वर्ष 2023-24 की एक हालिया ऑडिट रिपोर्ट में अयोध्या नगर निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं और उसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार को कथित तौर पर करीब 200 करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट में अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया है, जिनमें राज्य अनुदानों का दुरुपयोग, बजट का दुरुपयोग, विभिन्न विभागों में अनियमित भुगतान ।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, परिवार में कोहराम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मझुआ करछना निवासी आजाद सिंह की बहन प्रतिमा पटेल की मौत डॉक्टर की कथित लापरवाही के कारण हो गई। जानकारी के अनुसार, प्रतिमा का इलाज 15 अक्टूबर 2025 से शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उसे डिलीवरी करनी थी, लेकिन डॉक्टर ने उसकी पेट में ट्यूमर की समस्या बताकर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। परिवार ने ऑपरेशन से मना किया, लेकिन डॉक्टर ने जबरदस्ती ऑपरेशन कर दिया।

ऑपरेशन के बाद प्रतिमा की हालत और बिगड़ गई। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने उसे सिविल लाइन्स स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। रात भर उसकी हालत गंभीर बनी रही। अगले दिन सुबह अस्पताल प्रशासन ने उसे लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में प्रतिमा की मौत हो गई। परिवार ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रभारी निरीक्षक सिविल साइंस से शिकायत दर्ज करने की मांग की है। आजाद सिंह ने बताया कि उनकी बहन को सही इलाज नहीं मिला और डॉक्टरों की गलत कार्रवाई के कारण उसकी जान चली गई। पुलिस ने अब मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रार्थी के मुताबिक उसके बहन की शादी 2014 में मेजा के बरहा गाँव हुई थी। दो लड़कियां पहले से थी, व अस्पताल में एक बच्चा बुधवार को जन्म लिया, जिसके जन्म के बाद ही गुरुवार को उसकी मां का निधन हो गया।

# सरसेंडी में मिशन शक्ति कार्यक्रम सम्पन्न




अखंड भारत संदेश

**बारा।** प्रयागराज प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसेंडी में गुरुवार को बालिकाओं को बैड टच गुड टच, आत्मरक्षा, साइबर क्राइम आदि के बारे में जागरूक किया गया। बारा थाने के उपनिरीक्षक दिनेश सिंह के नेतृत्व में अल्का शर्मा, रश्मि ने महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबन हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर सरोज सिंह यादव, कविता शुक्ला, कंचन सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, सुजीत कुमार, विजय प्रकाश, सुमंत भार्गव, रामसागर द्विवेदी, राजकुमार यादव सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे।

# मुकदमा विचाराधीन के बावजूद राजस्व कर्मियों ने चलाया बुलडोजर

**सोरांव।** इलाके के खनियार निवासी लाला सरोज पुत्र गंगादीन का आरोप है कि उसका पूर्वजों के समय से गांव में स्थित एक जमीन पर कब्जा है। जिसमें अपनी एक बोरिंग और तीन नीम के पेड़, बबूल का पेड़, खजूर का पेड़ लगाया गया है। जिसमें गौशाला और सूअर बाड़ा भी है। जिसमें लाला पासी अपने परिवार के साथ रहते है। जिसको बृहस्पतिवार को समय करीब 3 बजे राजस्व कर्मियों की टीम अचानक बिना सूचना के बुलडोजर लेकर दर्जनों लोग पहुंचे जिसमें सूअर बाड़ा, चारा मशीन, गौशाला आदि को गिराकर कर नष्ट कर दिए। जिससे हजारों रुपए का नुकसान हो गया। जबकि तहसीलदार कोर्ट में विवादित जमीन का धारा 67 का मुकदमा विचाराधीन है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब प्रसारित हो रहा है। हालांकि। वीडियो की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज झरोखा

# धूमधाम से मनाया गया भागवतकथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह



**पसना।** मेजा स्थित सिरियारी ग्राम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक दूर दूर से आए भक्तों ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में पांव पूजकर पुण्य प्राप्त किया` कथा व्यास श्री शम्भु शरण जी ने आज की कथा में महारास की कथा कहते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों की महारास वास्तव में भक्त और भगवान का अनंत काल से विरह है,जो दण्डकारण्य के ऋषि हैं वही गोपी बने है। भगवान शिव भी उस महारास में सम्मिलित हुए और गोपेश्वर महादेव कहलाए। आज की कथा में अत्याचारी कंस को मारकर श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की` कथा में युवाओं की भारी संख्या को देखकर महराज जी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सनातन धर्म की यह बहुत बड़ी जीत है कि आज का युवा अपने धर्म को जानने के लिए सत्संग में रुचि ले रहा है` आज की कथा को सुनने मुख्य रूप से रामेश्वर मिश्रा एडवोकेट,अनूप मिश्रा,प्रभाकर सिंह,मनोज केशरी,अमित मिश्रा,संदीप पांडेय,अंजनी केशरी दुर्गेश शुक्ला कन्हैया लाल पांडे अजीत मिश्रा एडवोकेट एसपी मिश्रा एडवोकेट प्रदीप पांडे एडवोकेट राजकुमार मिश्रा एडवोकेट कैलाश नाथ सिंह एडवोकेट लाल साहब शुक्ला उमाशंकर पांडे एडवोकेट विनोद मिश्रा छोटकउ आदि गणमान्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए घायल, बोलेरो पलटी, बोलेरो में बैठे चार लोग हुए जख्मी




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के पुराने यमुना पुल के नीचे बुधवार की रात बोलेरो सवार चालक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया, टक्कर के बाद बोलेरो पलट गई जिसमें बैठे चार लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। वहीं बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे राहगीरों ने दोनों युवकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल भिजवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की। खबर लिखे जाने तक बाइक सवार घायल युवकों की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं घटना के बारे में लोगों ने बताया है कि एक बोलेरो पुराने यमुना पुल के नीचे से गुजर रही थी अचानक सामने से एक बाइक पर सवार दो युवकों की बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिससे बोलेरो सड़क पर ही पलट गई और बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद राहगीरों ने दोनों युवकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल भिजवाया। घटना स्थल पर पहुंचकर नैनी पुलिस ने जांच पड़ताल की वहीं घायलों के बारे में जानकारी जुटाने में नैनी पुलिस लगी हुई है।

# चनेथू में श्रीराम का राज्याभिषेक, दो दिवसीय मेले का आयोजन




**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू डीह गांव की रामलीला श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ बुधावार को संपन्न हो गई। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र चित्रण व जीवनी का मंचन कर पात्रों ने भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्श व गुणों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें व युवा रामलीला एवं? मेले में उपस्थित रहे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर रहा। कुंभकरण, मेघनाध, अहिरावण, रावण वध एवं विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंचन के सहयोगियों में लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, लालमनि मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, संजय उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, रमेश तिवारी, मालिक पांडेय, अरूण पांडेय, कड़ेदीन, मंगला, जयप्रकाश, उदयराज, विनोद, सुरेश, त्रिभुवन, निराले, नागेश्वर, पवन, आनंद, मनीष, राकी, विपिन, रवि उपाध्याय, दीपक, राजा, अमित भभया, विशाल, आकाश, अंकुश, दिव्यम, निखिल, नीतेश, सर्वेश, शिव, राजेश, विभव, गुलशन, कौशल, अंकित, अनुज, गौरव, गंगा, सचिन, राजेश, मुरलीधर एवं संगीतकारों में श्रीकांत सांवरा, प्रदीप जख्मी आदि लोग मौजूद रहे।

# शुआट्स में विश्व खाद्य दिवस पर फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेस (शुआट्स), प्रयागराज में गुरुवार को विश्व खाद्य दिवस 2025 के अवसर पर एक भव्य फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। पूरे कैंपस का माहौल उत्सव जैसा रहा, जहाँ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की खुशबू ही खुशबू फैली थी।

इस वर्ष विश्व खाद्य दिवस की थीम ह्यह्यबेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलानाह्लह्ल था, जो बेहतर भोजन और भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीलम यादव, डॉक्टरेट (आई.पी.एस.), इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर शुआट्स कुलपति प्रो. (डा.) राजेन्द्र बी. लाल, प्रति कुलपति प्रशासन प्रो. बी. मेहरा, कुलसचिव प्रो. रानू प्रसाद, प्रति कुलपति शैक्षिक प्रो0 जोनाथन ए. लाल, निदेशक पब्लिक रिलेशन डा. रमाकान्त दुबे, विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्रोफेसर नीलम यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को भारत में खाद्य सुरक्षा, पोषण और सतत उत्पादन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, शुआट्स कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने छात्रों से नवाचार, आत्मनिर्भर भारत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। फेस्टिवल के दौरान पूरा कैंपस उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। जगह-जगह सजे हुए फूड स्टॉल्स से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों की खुशबू फैल रही थी, जिसका छात्रों और आगंतुकों ने उत्साह के साथ आनंद लिया। कार्यक्रम में कई मनोरंजक और शैक्षणिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आर.एन. शुक्ला. और इंजी. आदित्य लाल द्वारा किया गया, जबकि विभाग के शिक्षकों डॉ. हीना इम्तियाज और डॉ. परमिंदर कौर ने आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

आयोजकों ने अंत में सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि यह आयोजन छात्रों में नवाचार, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इस सफल आयोजन में नितिन ठाकुर, रणंजय, अनिमेष, निमेष, अनुराग, विवेक, अभिषेक एवं अन्य छात्रों का विशेष योगदान रहा।

# नीट में अपूर्वा सिंह ने दिखाई प्रतिभा, मिला लोहिया मेडिकल कॉलेज लखनऊ में प्रवेश

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के सिसई सिपाह गांव की अपूर्वा सिंह ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपूर्वा को डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में प्रवेश मिला है। उन्होंने राज्य स्तर पर 5193वीं रैंक हासिल कर गांव और परिवार का गौरव बढ़ाया है।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने के बाद जब अपूर्वा घर लौटीं तो बधाई देने वालों का तांता लग गया। हर कोई उनके समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम की सराहना करता नजर आया। अपूर्वा की इस उपलब्धि से परिजनों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अपूर्वा के पिता अरविंद कुमार और माता गीता देवी ने कहा कि बेटी ने बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखा था, जिसे उसने अपनी मेहनत से साकार किया। दादा छोटे लाल और चाचा अजय, राधे मोहन, संजय, राम अश्रे पटेल और डब्लू मिश्रा ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अपूर्वा की यह सफलता परिवार के साथ पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। वहीं अजय पटेल, राम मिलन यादव, बाबर खान, नजिम अली, अक्षत सिंह, मुकेश और निरंजनी कुमारी सहित कई लोगों ने अपूर्वा को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि अपूर्वा जैसी छात्राएं क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# घर में घुसकर महिला और परिजनों को लाठियों से मारा-पीटा गया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा लेकर महिला के घर में घुसकर कई को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। महिला ने मऊआइमा थाने में चार नामजद दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासनीय मन्नू देवी पत्नी भाई लाल का आरोप है कि विपक्षी पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडा सरिया लेकर उसके घर में घुसकर परिजनों को मार पीट कर जख्मी कर दिये और बहु के कनपट्टी पर कट्टा सटा दिए तथा जान से मारने की धमकी दिए। मन्नू देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर देकर दशरथ, ननके, छोटू, राजू तथा दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मिशन शक्ति टीम ने नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में छात्राओं को किया जागरुक





अखंड भारत संदेश

**जंघई।** उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति फेज 5 के तहत 16 अक्टूबर को नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में प्राचार्य डॉ नीरज की स्वीकृति से थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद कुमार अंचल, प्रभारी आनंद कुमार सिंह, रविंद्र यादव और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा छात्राओं को साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबर के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की और उनको जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गंगेश दीक्षित और धन्यवाद ज्ञापन डॉ ममता यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और लगभग 300 छात्र/छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। मिशन शक्ति टीम का मुख्य उद्देश्य हर बेटी को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है और महिलाओं के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं और आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में उन्हें बताया गया कि कैसे वे आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। उन्हें किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे समाज में सम्मान के साथ जीवन जी सकें और अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना आदि, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नंबर 101 आदि के बारे में जानकारी दी गई जिसमें साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया व क्षेत्र में फर्जी ड्रोन उड़ने की अफवाहों के निराकरण के बारे में बताया गया।

# गयादीन विश्वकर्मा इंटर कॉलेज में करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मॉडल करियर सेंटर इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में गयादीन विश्वकर्मा इण्टरमीडिएट कालेज भिदिउरा थरवई प्रयागराज में बेहतर भविष्य के लिए युवाओं को प्रेरित करना विषय पर एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना एवं उनके भीतर आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और सफलता के प्रति दृढ़ संकल्प का संचार करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुग्रीव सिंह, ने कहा कि युवा अवस्था जीवन की सबसे ऊर्जावान अवस्था होती है। यदि विद्यार्थी इस समय अपनी क्षमताओं की पहचान कर लें और लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें तो सफलता निश्चित है। उन्होंने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों और उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आत्म-प्रेरणा एवं समय प्रबंधन के महत्त्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध और मानवता की भावना को विकसित करना भी है। हमारे ट्रस्ट का संकल्प है कि ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित मार्गदर्शन पहुँचे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को अपने कैरियर निर्माण के लिए सही दिशा मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस दौरान उत्साह, प्रेरणा और संवाद का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# समाजवादी पार्टी एक विचारधारा पर आधारित पार्टी है : प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल गुरुवार को नैनी स्थित प्रदेश सचिव मोहम्मद शारिक के आवास पहुँचे जहाँ उन्होंने शारिक की माता जी की तबीयत का हालचाल जाना। हाल ही में उनका हार्ट ऑपरेशन हुआ है जिसके बाद वे घर लौट आई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि परिवार को किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो पार्टी हर संभव सहयोग करेगी। श्याम लाल पाल ने इस मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी एक विचारधारा पर आधारित पार्टी है जो हमेशा गरीब, पिछड़े, दलित और शोषित वर्ग के हक की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता अब पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता त्रस्त है। आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को करारा सबक सिखाएगी। उन्होंने पार्टी संगठन की मजबूती की बात करते हुए प्रयागराज जिले में सपा कार्यकताओं की सक्रियता की सराहना की और कहा कि जिले के सभी नेता, कार्यकर्ता और सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के विस्तार में लगे हैं। उन्होंने सभी को संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से पप्पू पाल निषाद (अध्यक्ष), इफ्तखार हुसैन (महानगर अध्यक्ष), अनिल यादव (गंगापार जिलाध्यक्ष) मोहम्मद अजहर, अजय यादव, मोहम्मद तारिक, धीरेन्द्र यादव, सुनील विश्वकर्मा, शानू कुरैशी, मनीष भुवर, दिलशाद, मोहम्मद गुड्डू, अशद, जैद, सेबू, अहमद रजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्द और संगठित वातावरण में संपन्न हुआ। समस्त कार्यकताओं ने शारिक की माता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पार्टी के लिए अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प दोहराया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनपद में सड़क दुर्घटना माह सितम्बर, 2024 में 80 की तुलना में माह सितम्बर, 2025 में 94 दुर्घटना हुई। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि परिलक्षित हुई। आगामी माह में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाये जानें के निर्देश दिये गये। एसीपी0, ट्रैफिक को निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षणोपरान्त पत्थर गिरजा घर के सामने (धरना स्थल) महाकुम्भ के दौरान रखे गये बोल्डर को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए खोले जानें के सम्बंध में वैधानिक निर्णय लेते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाय। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि रोड सेफ्टी से सम्बंधित बिन्दुओं यथा जिला यान परिवहन समिति, रोड सेफ्टी क्लबों एवं जागरूकता से सम्बंधित सूचनाओं को ससमय उपलब्ध करायें जिससे कि संकलित सूचना प्रस्तुत की जा सके। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि फस्ट रिस्पांडर के तौर पर प्रशिक्षित किये जानें हेतु 25-30 मास्टर ट्रेनरों की सूची उपलब्ध करायी जायं जिससे कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा फस्ट रिस्पांडर एवं सी0पी0आर0 आदि के सम्बंध में ट्रेनिंग दी जा सके। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि एम्बुलेंस की उपलब्धता के आधार पर सम्बंधित थानों को सूची उपलब्ध करायी जाय, जिससे कि कम से कम समय में समुचित इलाज घायलों/आहतों को दिया जा सके। अधिशासी अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं अधिशासी अभियन्ता, नगर-निगम को निर्देशित किया गया पत्रिका चौराहे पर एवं चर्चलेन चौराहा एसटीएस स्कूल के पास गड्ढे हो गये है, जिसे तत्काल गड्ढामुक्त कर दिया जाय एवं शहरी क्षेत्र के मार्गों को सुगम यातायात के दृष्टिगत गड्ढामुक्त रखा जाय। एनएचएआई एवं एनएच लैप्रोसी चौराहे पर फुट ओवर ब्रिज बनाये जानें हेतु संयुक्त सर्वेक्षण कर भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। उपस्थित परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि डंकन ड्राइविंग एवं अंडरऐज ड्राइविंग, मॉडीफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में सघन प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय। आईटीएस द्वारा किये चालान को प्रतिमाह के चक्र के अनुसार एस0ओ0पी0 पर सूचना उपलब्ध करायी जाय।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शहर से जानें वाले विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा सेंटरों व प्राइवेट तथा सरकारी हास्पिटल की मैपिंग कर क्रियाशील रखा जाय। जनपद में एम्बुलेंस 108 की पर्याप्त उपलब्धता के लिए मांग-पत्र हेतु जिलाधिकारी महोदय की तरफ से एक पत्र सम्बंधित को प्रेषित किया जाय। सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यालयों एवं सावर्जनिक स्थलों पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाय। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत अनुपालन आख्या ससमय उपलब्ध करायी जाय।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/सदस्यों ने प्रतिभाग किया:- सत्य मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (नगर), प्रयागराज, सुरेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-4(कु0मे0), लो0नि0वि0, प्रयागराज, राजीव यादव, एसीपी ट्रैफिक, प्रयागराज, नवीन कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-3, लो0नि0वि0, प्रयागराज, देवब्रत सिंह, बेशिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज, डॉ0 बीएस यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, माध्यमिक शिक्षा, प्रयागराज, दम्बर सिंह, सहायक अभियन्ता, नगर-निगम, प्रयागराज, राजीव कुमार एवं आन्नद राव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज, देवेन्द्र कुमार सिंह, एआरएम, रोडवेज, प्रयागराज, मोहम्मद अरशद, सहायक अभियन्ता/प्रतिनिधि सचिव/सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा समिति, प्रयागराज, विशाल सेठ, सहायक अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, प्रयागराज, के0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, बेलन कैनाल, प्रखण्ड, प्रयागराज, ज्योति प्रकाश सोनकर, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 (प्र0प0), लो0नि0वि0, प्रयागराज, निकुंज तिवारी, सहायक अभियन्ता, पीआईयू मोर्थ, प्रयागराज, सुजीत कुमार सोनी, एनएचएआई, पीआईयू, प्रयागराज। राम सागर एवं मिथिलेश कुमार सिंह, पी0टी0ओ0, परिवहन विभाग, प्रयागराज, डा0 संजय बरनवाल, सहायक चिकित्साधिकारी, प्रयागराज, अमित कुमार, यातायात निरीक्षक, प्रयागराज, मनीष कोहली, नेशनल इंश्योरेंश, प्रयगराज, रघुनाथ द्विवेदी, उपाध्यक्ष टैम्पो टैक्सी यूनियन, प्रयागराज, विनोद चन्द्र दुबे, अध्यक्ष एवं रमाकान्त रावत, महामंत्री, टेम्पो टैक्सी यूनियिन एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण।

# फाफामऊ पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ।** गुरुवार को थानाध्यक्ष फाफामऊ अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक किशोरी लाल प्रजापति महिला उप निरीक्षक दामिनी सिंह महिला उप निरीक्षक ममता यादव द्वारा जी जी आई सी स्कूल फाफामऊ बाजार व शांतिपूरम चौराहा पर जाकर महिलाओं बच्चियों को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो जैसे वूमेन पावर लाइन 1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पुलिस आपातकालीन 112 स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी गयी तथा केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निराश्रित पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना उज्वला योजना मुख्यमंत्री आवास योजना आदि के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# धार्मिक अनुष्ठान के अनुसार धन की लक्ष्मी का पूजा करना है बेहद अहम : धर्म प्रकाश शुक्ला

**दिवाली पर्व के मद्देनजर समाजसेवी ने क्षेत्र के लोगों से शांति और शौहर्द बनाने की किया अपील**

**अखंड भारत संदेश**



धर्म प्रकाश शुक्ला उर्फ महादेव

**मेजा।** दिवाली का त्यौहार दीये जलाकर, घर सजाकर, नए कपड़े पहनकर,मिठाइयाँ बाँटकर और परिवार के साथ मिलकर लक्ष्मी गणेश की पूजा करके मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत और नई शुरूआत का प्रतीक है। उक्त बातें समाजसेवी धर्म प्रकाश शुक्ला उर्फ महादेव ने दीपावली पर्व के पूर्व एक औपचारिक मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि त्यौहार की शुरूआत और घर की सजावट दिवाली से पहले अच्छी तरह सफाई की जाती है, फिर घरों को दीये, फूलों और रंग बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। इस दौरान घर के दरवाजे पर रंगोली बनाना भी दिवाली की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर लोग धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठान के अनुसार लोग धन की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और उनसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम की पूजा उत्तर भारत में राम के अयोध्या लौटने की खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है सामाजिक और पारिवारिक गतिविधियो पर चर्चा करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि लोग दिवाली पर नए और अच्छे कपड़े पहनते हैं और परिवार व दोस्त एक दूसरे को रंग-बिरंगी मिठाइयों के डिब्बे उपहार के रूप में देते हैं। उनका मानना है कि बुराई को दूर भगाने और खुशी मनाने के लिए आतिश बाजी की जाती है। लोग एक दूसरे से मिलते हैं और परिवार के साथ समय बिताते हैं। दीपावली का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। उन्होंने बताया कि कई लोग इसे आने वाले साल के लिए एक नई शुरूआत के रूप में भी देखते हैं। हालांकि दीपावली के मद्देनजर उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ दिवाली मनाने की अपील किया है।

# फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से छात्राओं का बढ़ता है आत्म विश्वास : शैलेन्द्र विक्रम

**मेजा स्थित राजकीय महिला पालीटेक्निक कालेज में फ्रेशर पार्टी इनविक्टस कार्यक्रम आयोजित 153 छात्राओं ने किया प्रतिभाग अर्पणा नम्रता और रानी बनी टैलेंटेड फ्रेशर**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा में गुरुवार को फ्रेशर पार्टी इनविक्टस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र विक्रम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात स्कूल की छात्रा मधु तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना की सराहनीय प्रस्तुति और संस्था में शिक्षारत द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं के सम्मान में विभिन्न प्रकार के रंगारंग भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान नव प्रवेशित कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की 153 छात्राओं ने अपना अपना परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें अपर्णा पुत्री राकेश सिंह द्वितीय रनर अप टैलेंटेड फ्रेशर, नम्रता यादव पुत्री अजय सिंह यादव प्रथम रनर अप टैलेंटेड फ्रेशर एवं रानी यादव पुत्री राजेश यादव टैलेंटेड फ्रेशर चुनी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य द्वारा छात्राओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया और आगामी सेमेस्टर परीक्षा के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में प्रतिभाग करने से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है।इस मौके पर कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष विनोद कुमार त्रिपाठी, कविता कमल, सुनीता कुमारी शाह, धनंजय कुमार सिंह, त्रिलोक कुमार पाठक, मोनिका मौर्य, श्रद्धा श्रीवास्तव, मनोज कुमार, पीयूष कुमार, अभिजीत सिंह, गौरव उत्तम, राजेश कुमार,अनामिका तथा सरोज आदि के अलावा स्टाफ के सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




फ्रेशर पार्टी इनविक्टस कार्यक्रम में टैलेंटेड फ्रेशर चुनी गई छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य और शिक्षकगण

# डंफर की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत चालक फरार




**मेजा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेजारोड चौकी के कठौली गांव में गुरुवार को रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी है तथा डंपर चालक की तलाश जारी है।

# एसआरएन में पहली बार बिना ओपन हार्ट सर्जरी के किया दिल का इलाज

**डॉक्टरों ने रचा नया कीर्तिमान**

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) के कार्डियक कैथ लैब में डॉक्टरों की टीम ने एक बड़ा चिकित्सीय कारनामा कर दिखाया। 21 वर्षीय युवक के दिल में मौजूद 6 मिमी के छेद (वीएसडी) को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के सफलतापूर्वक बंद किया गया। यह प्रयागराज मंडल में इस प्रकार का पहला मामला है, जिसने चिकित्सा जगत में नई उम्मीदें जगा दी हैं। मरीज को पहले ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गई थी, जिससे वह और उसका परिवार काफी परेशान थे, लेकिन एसआरएन के युवा कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विमल निषाद और डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने हिम्मत और कौशल का परिचय देते हुए आधुनिक तकनीक से कैथ लैब में ही यह जटिल प्रक्रिया पूरी कर दी। इस प्रक्रिया में मरीज का सीना नहीं खोला गया, बल्कि एक पतली नली (कैथेटर) के माध्यम से हृदय तक पहुंचकर विशेष उपकरण से छेद को बंद किया गया। टीम में टेक्नीशियन ओमवीर और योगेश ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष सक्सेना ने बताया कि यह प्रयागराज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे मरीजों को बड़े ऑपरेशन और लंबे रिकवरी पीरियड से नहीं गुजरना पड़ेगा। यह तकनीक सुरक्षित, सरल और कम खचीर्ली है। उन्होंने कहा कि एसआरएन अस्पताल अब उन चुनिंदा केंद्रों में शामिल हो गया है जहां बिना ओपन सर्जरी के हृदय के जन्मजात छेद का इलाज संभव है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विमल निषाद ने बताया कि यह प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि हृदय का छेद बहुत नाजुक स्थान पर था। उन्होंने कहा कि हमें कई घंटे तक कैथ लैब में बैठकर हर स्टेप की सावधानीपूर्वक योजना बनानी पड़ी। डिवाइस का साइज और पोजिशन तय करने में जरा सी गलती भी गंभीर जटिलता पैदा कर सकती थी। पूरी टीम ने शांत मन से काम किया और जब स्क्रीन पर छेद पूरी तरह बंद होता दिखाई दिया, वह पल हमारे लिए बेहद भावुक था। मरीज के परिजनों ने भावुक होकर कहा कि डॉक्टरों ने हमारे बेटे को नई ज़िंदगी दी है। हमें लगा था कि बड़ा ऑपरेशन कराना पड़ेगा, पर बिना सीना खोले ही सब हो गया। यह किसी चमत्कार से कम नहीं'

# मेजा ब्लाक में आज होगी क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बड़ी बैठक

**मेजा।** ब्लॉक कैंपस मेजा में शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित होगी जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रमुख मेजा के कारखास मयंक शुक्ला ने बताया कि बैठक में जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,स्वस्थ विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन,राष्ट्रीय आजीविका योजनाओं, पीएम सीएम आवास योजनाओं, ग्राम पंचायत विभाग की योजनाओं, महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, क्षेत्र पंचायत पंचम वित्त आदि के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक फोकस करते हुए लोगों को जागरूकता प्रदान की जाएगी। श्री शुक्ला के अनुसार इस मौके सभी विभाग के संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# दिवाली पर्व को लेकर सर्किल में एलर्ट मूड में हैं एसीपी मेजा दिया शांति और सौहार्द का संदेश

**दीपावली पर्व के दृष्टिगत सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने को दिए सख्त निर्देश कहा त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं,शांति और सौहार्द का माहौल बिगाड़ने अथवा खलल डालने वालों पर होगा कड़ा एक्शन**

**(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)**



एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

**मेजा।** दिवाली त्यौहार को लेकर सर्किल में पूरी तरह एलर्ट एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने कहा कि धार्मिक त्यौहार दीपावली के मद्देनजर सर्किल में धार्मिक माहौल बिगड़ने एवं खलल पैदा करने वाले अराजक तत्वों एवं अपराधियों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इस दौरान सर्किल में अमन चैन और शांति व्यवस्था स्थापित करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशों क्रम में धार्मिक पर्व दीपावली तथा भईया द्विज आदि को लेकर एसीपी श्री उपाध्याय बेहद एलर्ट मूड में हैं। कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए उन्होंने सभी तैयारियां पूरी कर लिया है। दिवाली पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए त्यौहार के पूर्व ही उन्होंने सर्किल के थानों मेजा मांडा और कोरांव थाना प्रभारियों को सख्त और कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि धार्मिक त्योहार दिवाली को लेकर सर्किल में की गई तैयारियों पर अखंड भारत संदेश समाचार पत्र प्रतिनिधि मेजा द्वारा की गई औपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने यह जानकारी साझा किया। उनका स्पष्ट मानना है कि धार्मिक पर्व दिवाली पर किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं त्यौहार के मद्देनजर गर्म तेवर में दिखे सन 2020 के एसीपी मेजा ने आगे कहा कि परंपरागत त्योहार दिवाली पर सर्किल में धार्मिक उन्माद, अशांति तथा माहौल बिगड़ने वाले शरारती तत्वों पर कठोर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दृष्टिगत सर्किल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान कहीं भी अशांति न फैले इसके लिए सर्किल में पुलिस की कई टीमें भ्रमणशील रहेंगी। उन्होंने सर्किल के आम लोगों से परंपरागत धार्मिक त्योहार को शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया है।

# साइबर ठगी का बड़ा खुलासा: कौंधियारा से तीन गिरफ्तार

**करोड़ों की हेराफेरी का खुला राज**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** साइबर अपराधियों के नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। मध्य प्रदेश की देवास पुलिस ने प्रयागराज के कौंधियारा क्षेत्र में छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गरीब ग्रामीणों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया गया था। बुधवार की रात कौंधियारा थाना क्षेत्र के गोठी गांव में मध्य प्रदेश के देवास जिले की पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव का एक व्यक्ति आसपास के गरीब और बेरोजगार लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था। बताया जाता है कि इन खातों का इस्तेमाल देशभर में फैले साइबर ठग गिरोह द्वारा फर्जी लेन-देन और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के लिए किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, एक खाते में लगभग एक करोड़ सड़सठ लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे, जिससे यह मामला और गंभीर हो गया है। देवास पुलिस ने स्थानीय थाना कौंधियारा की मदद से गोठी गांव के राजू पांडेय, संदीप (पुत्र जांगीलाल) और सुनील कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया। तीनों को पूछताछ के लिए देवास ले जाया गया है। गुरुवार सुबह जब परिजन थाना कौंधियारा पहुंचे, तो थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि देवास पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर तीनों आरोपितों को अपने साथ ले गई है।

थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह मामला एक बड़े साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। जांच में कई अन्य गांवों के नाम भी सामने आ रहे हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और जिन खातों में संदिग्ध लेन-देन हुआ है, उनकी भी जांच शुरू कर दी गई है।

# नशे में युवक ने तमंचा लहराकर लोगों को दी धमकी, वीडियो वायरल

**करछना।** भड़ेवरा बाजार में शराब के नशे में धुत एक युवक ने तमंचा लहराकर राहगीरों और दुकानदारों को धमकाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद करछना पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस युवक की पहचान करने के साथ-साथ वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के आदेश के बाद से बारा तहसील प्रशासन सख्त बारा






**प्रयागराज।** जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सरकारी भूमि पर से कब्जा हटाने के आदेश के बाद से बारा क्षेत्र में भी तहसील प्रशासन सख्त हो गया है। तहसील प्रशासन द्वारा लगातार कब्जा हटाने की कार्रवाई से कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया है।

बुधवार को एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम जेसीबी के साथ ग्राम पंचायत टिकरी कला में पहुची और नाली पर किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त करा दिया। हल्का लेखपाल हीरा लाल ने बताया कि इसके पहले भी कब्जा करने वाले को मना किया गया था किन्तु निर्माण कार्य नहीं बंद किया। इसके कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।उस व्यक्ति को भविष्य निर्माण न करने की चेतावनी भी दी गई है। यदि उसे शक हो तो अपनी जमीन की हदबंदी करा सकता है। इसके अतिरिक्त एसडीएम बारा द्वारा क्षेत्र के पहाड़ी खुर्द स्थान गड्ढा/तालाब की भूमि, नौढ़िया तरहार व भगदेवा स्थित चक मार्ग और ग्राम पंचायत पिपराव में खलिहान की भूमि को भी कब्जा मुक्त करा दिया गया है। बताया गया कि सरकारी भूमि तालाब,चक मार्ग, खलिहान, बंजर,खाद गड्ढा, चारागाह आदि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दंडात्मक कार्रवाई भी हो सकती है।

# राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित स्वदेशी मेले में कवि सम्मेलन किया गया आयोजन





**प्रतापगढ़।** उद्योग विभाग के संयोजकता में राजकीय इण्टर कॉलेज में चल रहे स्वदेशी मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत 14 अक्टूबर देर सायंकाल मुशायराध्कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों द्वारा अपने मुजाहरे की प्रस्तुतीकरण की गई जिसमे प्रमुख रूप से आफताव जौनपुरी द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता पर काव्यपाठ किया गया, जिस पर दर्शकों द्वारा भरपूर तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में शायरध्कवि डॉ० राजेन्द्र सिंह, तनवीर फात्मा, मो० अनाम, डॉ० नागेन्द्र अनुज, सुनील प्रभाकर, राजमूर्ति शौरभ, राजेश प्रतापगढ़ी, तलहा नाविश, शादिया इकरा द्वारा अपना काव्यपाठ कर दर्शकों का मनोरंजन किया गया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन डा0 मो0 अनीश एवं मो० अनाम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी कवियों एवं शायरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एच०एन० सिंह सहायक आयुक्त उद्योग, मुकेश चन्द्र मौर्य अपर सांख्यकीय अधिकारी, देवराज सहायक प्रबन्धक, अजय शर्मा प्रधान सहायक, कफील अहमद के साथ समाज सेवी रोशन लाल उमरवैश्य उपस्थित थे। मेले में पूरे दिन दर्शको का आवागमन चलता रहा, उनके द्वारा अन्य दिनों की अपेक्षा उस दिन स्वदेशी वस्तुओं की ज्यादा खरीदी की गई।राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित स्वदेशी मेले में 15 अक्टूबर को खरीददारी के लिए लोग भारी संख्या में निरंतर आये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए भी भारी भीड़ रही है। दिनांक 10 अक्टूबर तक 50 स्टाल लगे थे जो मेले की सफलता के कारण बढ़कर 65 स्टाल हो गए। लोग स्वदेशी सामग्रियों का जैसे बच्चों के खिलौने ,साड़ियां, चादर, कंबल ,फुटवियर्स, अचार ,मुरब्बा, सॉफ्ट टॉय आदि की खरीदारी कर रहे है। मेले में खाने पीने के स्टाल और बच्चों के खेलने के लिए झूले इत्यादि भी लगाए गए हैं।

# आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष बनी आशा सिंह



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आशा सिंह को प्रतापगढ़ जनपद का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।

नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा सिंह की मौजूदगी में प्रतापगढ़ जनपद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी के गठन के दौरान प्रतापगढ़ जनपद की जिला अध्यक्ष की कमान आशा सिंह को जहां सौपी गई वहीं कार्यकारी अध्यक्ष की कमान इंद्रा यादव को मिली जबकि उपाध्यक्ष पद पर रेखा सिंह जिला मंत्री पद पर अशोक लता सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर रीता तिवारी एवं संगठन मंत्री पद पर दीक्षा मिश्रा एवं रिमझिम सिंह को जहां दायित्व दिया गया तो वहीं प्रचार मंत्री पद पर उषा देवी एवं कमला देवी को दायित्व दिया गया। इस दौरान जनपद की सभी 17 ब्लॉकों की आशा कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## न्यूज झरोखा

### दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत पांच पर केस

**प्रतापगढ़।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। मामले मे कोतवाली पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कामापटटी थाना संग्रामगढ़ गांव निवासिनी रानी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह फरवरी को उसका विवाह लालगंज कोतवाली के पूरे जनई गांव निवासी जयसिंह यादव पुत्र दशरथ लाल के साथ हुआ है। विवाहिता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति, ससुर, सास गुड़िया देवी, देवर सत्यम व शुभम दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। बीती तीस अप्रैल को ससुरालीजनों के उकसावे में आकर पति ने विवाहिता को जमकर मारापीटा। इसके बाद दहेज की मांग पूरी न होने को लेकर उसे घर से भगा दिया। पीड़िता मायके में रहने को मजबूर है। मामले में जांच के बाद लालगंज पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### खेत में नहर का पानी ले जाने को लेकर हुआ विवाद, पांच पर केस

**प्रतापगढ़।** नहर का पानी खेत में ले जाने के दौरान हुए विवाद को लेकर कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केशवपुर गांव निवासी रामसुमेर मौर्य पुत्र स्व0 राजाधर मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पन्द्रह अक्टूबर की सुबह करीब ग्यारह बजे झंगई पासी के पुत्र राकेश पासी व बेनी के पुत्र रूपेश पासी तथा तीन अज्ञात लोग नहर का पानी रोक कर उसे अपने अपने खेत में ले जा रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि इससे उसके खेत में धान की तैयार फसल खराब हो रही थी। पीड़ित के पुत्र सूरज ने विरोध जताया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा। शोरशराबा सुनकर बीचबचाव में पहुंचे सुनील मौर्य पुत्र शिवहर्ष मौर्य को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में जांच के बाद पुलिस ने राकेश समेत पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### किशोरी लापता, अज्ञात पर केस

**लालगंज।** किशोरी के लापता होने को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अमावां गांव निवासी नबाब अली पुत्र सुबराती ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे उसकी चैदह वर्षीया पुत्री अज्ञात युवक के साथ कहीं चली गयी है। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कहीं पता नही चला। मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अज्ञात बाइक चालक पर लापरवाही का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा नरायनपुर गांव निवासी प्रदीप पटेल ने पन्द्रह अक्टूबर को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस सितंबर को सुबह करीब साढ़े छः बजे उसके पिता हरिओम पटेल विकास नगर चैराहा जेंवई दुकान पर चाय पीने जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान अज्ञात बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन




**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मन्दाह मंगरौरा में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें डा० विनीता सिन्हा, डा० राकेश धर तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, सनेटरी पैड वितरण किया गया, शगुन कीट वितरण किया गया, नियमित टीकाकरण के अन्र्तगत बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण एंव प्रसव पूर्व जाँच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता प्रदान की गयी तथा दवा वितरण किया गया।

## श्रीराम से अनुराग में है परमानन्द- पं. कृष्णानंद ओझा जी



**प्रतापगढ़।** जलेशरगंज रोड पर हो रही सामूहिक श्रीराम कथा में गुरूवार को व्यासपीठ से मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतारों के विभिन्न मनमोहक प्रसंगों का भावपूर्ण चित्रण हुआ। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य कृष्णानंद ओझा जी महराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीराम से प्रेम करने वाला परमानंद की अनुभूति किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने उन सभी का भवसागर से बेड़ा पार लगाया जिन्होंने राम नाम का शुद्ध अन्तःकरण से सुमिरन किया। उन्होने कहा कि जगतजननी मां सीता ने भगवान श्रीराम के साथ वन गमन के समय तपस्या की साधना से सम्पूर्ण नारी जगत को गौरवान्वित किया है। उन्होने कहा कि श्रीराम का भातृत्व प्रेम जगत के लिए बंधुता का शाश्वत संदेश है। पं0 कृष्णानंद जी ने कहा कि कलिकाल में भगवान की कृपा सिर्फ भगवद भजन से ही प्राप्त हो सकती है। उन्होने कहा कि जीवन का चरित्र और नैतिक आचरण को मजबूत रखना ही अपने आराध्य श्रीराम की सबसे निर्मल पूजा है। कथा के दौरान श्रीरामचरितमानस की चैपाईयों तथा भजनों के सुर संगम में पाण्डाल भक्तिमय हो उठा दिखा। कथा के रोचक प्रसंगों का भक्तों के बीच से श्रीराम जयघोष भी गूंजता दिखा। आयोजन समिति के सचेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गीता सिंह ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पप्पू तिवारी, दिवाकर नाथ शुक्ल, दारा सिंह, अतुल सिंह, धर्मराज गौतम, रामबिहारी मिश्र, पन्नालाल पाल, सोनू शुक्ला, संतोष पाण्डेय, राजू मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, श्यामशंकर तिवारी, छोटे लाल सरोज, आशीष जायसवाल, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

### युवक पर छेडछाड़ का केस

**लालगंज।** महिलाओं से छेड़छाड व अश्लील हरकत के आरोप को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव बीती पन्द्रह अक्टूबर को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान साल्हापुर तिराहे के पास खड़े गांव के ही युवक सुनील सरोज पुत्र शिवमूरत उर्फ कल्लू को राह चलते महिलाओं के साथ अश्लील हरकत व छेडछाड करते गिरफ्तार कर लिया। दरोगा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

### महिलासहित पति व पिता को जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के असुढी गांव निवासिनी माधुरी पाठक पत्नी कृष्ण कुमार पाठक ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया कि पति रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई शहर में रहते हैं। घर पर दो बच्चे व अपनी बूढी सास के साथ रहती हूं। गांव के दो व्यक्तियों द्वारा मेरे पति और मेरे पिता को जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही है। इस मामले में पीड़िता बहुत डरी-सहमी हुई है। कोतवाल पट्टी अभिषेक सिरोही ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जांच कराकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# डीएपी लेने पहुंचे किसान मायूस होकर वापस लौटे



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** आसपुर देवसरा विकासखंड के अतरौरा सहकारी समिति पर जैसे ही डीएपी पहुंचने की सूचना इलाके के किसानों को हुई तो बड़ी संख्या में किसान समिति पर पहुंच गए। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि वहां पर मौजूद सचिव मुलायम यादव को खाद वितरित करने के लिए पुलिस प्रशासन का सहारा लेना पड़ा।

गुरुवार की सुबह 10 बजे से अतरौरा सहकारी समिति पर डीएपी वितितिर किया जा रहा था। डीएपी मिलने की जानकारी पर हजारों की संख्या में किसान समिति पर पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे।समिति पर 490 बोरी डीएपी आई थी और किसान की तादाद ज्यादा होने के कारण मिठाई लाल, विश्वनाथ, बलराम, राम खेलावन, दिलशाद, राकेश सहित बड़ी संख्या में किसानों के डीएपी नहीं मिली हैं। समिति के सचिव मुलायम यादव ने बताया 490 बोरी डीएपी आई थी जो किसानों को वितरित की गई है। वहां पर मौजूद किसान डीएपी न मिलने से मायूस होकर वापस लौट गया।

# भूकम्प विषय पर टेबल टॉप एक्सरसाइज के तहत दी गयी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतापगढ़ एवं 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में भूकम्प विषय पर आधारित जानकारी दी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डिप्टी कमान्डर एनडीआरएफ अनिल पाल, डिप्टी कमान्डर एनडीआरएफ मेडिकल टीम डा0 विदुषी सहगल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। एनडीआरएफ टीम के सुधीर द्वारा टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से अधिकारियों को एनडीआरएफ के परिचय और भूमिका, जिले की भेद्यता प्रोफाइल, विभिन्न हितधारकों के पास संसाधनों की उपलब्धता, अन्य हितधारकों की भूमिका और कार्य, अभ्यास का परिदृश्य और क्रम, आईडीआरएन पोर्टल के अद्यतनीकरण पर चर्चा एवं जानकारी दी गयी। डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ अमित पाल द्वारा भूकम्प के दौरान क्या करें-क्या न करें के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) ने कहा कि भूकम्प के सम्बन्ध में सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को जागरूक होना चाहिये कि यदि किसी भी परिस्थिति में आपदा जैसी घटनायें सामने आये तो हमें अपने आस-पास के लोगों के बारे में जानकारी होनी चाहिये जिससे आवश्यकता पड़ने पर मदद ली जा सके। जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी ने भी आपदा के सम्बन्ध में जानकारी दी।इसके उपरान्त जनपद के सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में भूकम्प जैसी आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव, राहत एवं त्वरित प्रतिक्रिया की जानकारी देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ टीम द्वारा



विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आग, भूकम्प जैसी आपदाओं के समय सुरक्षित रूप से बाहर निकलने एवं दूसरों की मदद करने के तरीके सिखाये गये। मौके पर सभी को आपदा के दौरान धैर्य बनाये रखने, प्राथमिक उपचार करने तथा प्रशासनिक मदद हेतु हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। मौके पर विद्यालय के छात्रों ने आपात स्थिति में निकासी अभ्यास से सीखा कि कैसे किसी भी आपदा के समय संयम और सतर्कता के साथ कार्य किया जा सकता है।प्रतापगढ़ जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में एक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया। ड्रिल के दौरान भूकम्प के परिदृश्य पर एनसीसी, होमगार्ड और सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के स्कूल छात्रों द्वारा 12 सतही पीड़ितों को बचाया गया और अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाई गयी। इसके अलावा एनडीआरएफ टीम द्वारा सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के स्कूल भवन की विभिन्न मंजिलों में 04 पीड़ितों को बचाया गया। अभ्यास एक आपातकालीन अलार्म के साथ शुरू हुआ, फंसे हुये पीड़ितों को निकालने के लिये विशेष प्रतिक्रिया हेतु एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। डीडीएमए द्वारा ईओसी को सक्रिय किया गया, स्टेजिंग क्षेत्र की स्थापना की गयी, सभी हितधारक स्टेजिंग क्षेत्र में पहुँचे। कमांड पोस्ट, बीओओ, चिकित्सा पोस्ट और संचार पोस्ट की स्थापना की गयी, घटना स्थल का आकलन कर घटना कमांडर से जानकारी एकत्र कर कार्यो का वितरण किया गया। घटना स्थल की सुरक्षा और खतरे की पहचान की गयी, फंसे हुये पीड़ितों तक पहुँचने के लिये एनडीआरएफ टीम को हेलिंग सर्च का उपयोग करके बुलाया गया, रस्सी बचाव विधि द्वारा ढही हुई संरचनाओं और विभिन्न मंजिलो से पीड़ितों को निकाला गया। रस्सी बचाव तकनीक की मदद से ढही हुई इमारत से 04 पीड़ितों (जिनमें 01 बेहोश और 03 होश में) को बाहर निकाला गया। इसके बाद निकाले गये पीड़ितों को उनकी स्थिति के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण दिया गया और पीड़ितों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी के लिये चिकित्सा केन्द्र भेजा गया। पीड़ितों को एम्बुलेन्स द्वारा निकटतम अस्पताल भेजा गया। इस मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डिप्टी कमान्डर एनडीआरएफ अनिल पाल, डिप्टी कमान्डर एनडीआरएफ मेडिकल टीम डा0 विदुषी सहगल, तहसीलदार सदर अनिल कुमार, अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी, प्रधानाचार्य फादर प्रेम प्रकाश, आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी डा0 प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान को किया गया पुरस्कृत




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्राम प्रधान भुपियामऊ मीना को अधिक से अधिक ग्रामोद्योगी इकाईयों की स्थापना में सहयोग हेतु पुष्प एवं अंगवस्त्र्म देकर पुरस्कृत किया गया। ग्राम प्रधान से इसी तरह सहयोग हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रहेन्द्र कुमार शुक्ला सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त स्टाप एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रतापगढ़।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह के साथ एनआईआरडीपीआर हैदराबाद द्वारा नामित नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, आरसेटी डायरेक्टर तथा जिला मिशन प्रबंधक संजय, सुमन, प्रभारी जिला मिशन प्रबंधक उमेश कुमार, नफीश, सुरेन्द्र और राजबहादुर के साथ-साथ विकास खंड से ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय समावेशन पर जानकारी देते हुए बैंकर्स के साथ समूहों को समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयक विभिन्न शाखा के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र के द्वारा वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राइजेज फाइनेंसिंग पर जानकारी दी गई तथा जिले के आर्थिक एवं समाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सी०सी०एल०, बैंक सखी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। एनआरएलएम के अंतर्गत शाखा पर पदस्थापित बैंक सखी भी उपस्थित रहीं और अपनी समस्याओं को रखते हुए अपनी जानकारी में बढ़ोत्तरी की। एलडीएम के द्वारा बैंकों में लंबित सीसीएल पत्रावली के निस्तारण हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधकों के द्वारा भी अपनी समस्याएं साझा की गई जिसका निदान एनआरपी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला मिशन प्रबंधको और ब्लॉक मिशन प्रबंधको के साथ बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला के उदेश्य से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा बैंकर्स के सहयोग से ही स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाया जाना है।

## घर से महिला को जबरन ले जाने का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** घर से महिला को जबरन ले जाने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पड़री गांव निवासी प्रशांत कुमार पाण्डेय पुत्र स्वामीनाथ पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह अक्टूबर को करीब पौने चार बजे वह सब्जी खरीदने नया पुरवा चैराहा गया था। आरोप है कि इसी दौरान उसका भाई अपनी पत्नी व पुत्री के साथ चारपहिया वाहन से घर पहुंचा और मां गायत्री देवी को जबरन वाहन में बैठाकर अपने घर लेकर चला गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी भाई ने मां को घर में बंद कर दिया है। उसके साथ किसी भी समय कोई गंभीर घटना हो सकती है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा ‌विकास खण्ड मंगरौरा एवं मानधाता में आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक विधा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

# छात्रों को लेकर जा रही अनियंत्रित स्कूली बस रोडवेज बस से भिड़ी

- टक्कर होते ही स्कूल के बच्चे अंदर लुढ़क कर गिर गए बस के अंदर चीख पुकार मच गई
- 35 बच्चों की जिंदगी दांव में लगाने वाले स्कूली बस चालक पर अभी तक नहीं हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के साकाढा तिराहा के पास गुरुवार 3 बजे लगभग स्कूल के 35 बच्चों को लेकर जा रही अनियंत्रित स्कूली बस रोडवेज बस से टकरा गई है टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के शीशे टूट कर बिखर गए और स्कूली बस के अंदर बैठे बच्चे बस के अंदर लुढ़क गए हैं जिससे बस के अंदर चीख पुकार मच गई है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है बस के दुर्घटना होने से स्कूली बच्चों में दहशत का माहौल है हालांकि हादसे में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई है लेकिन लगभग सभी बच्चों को हल्की चोट आई हैं लेकिन स्कूल प्रबंधन और पुलिस बच्चों के घायल होने की बात को स्वीकार नहीं कर रही है दुर्घटना को छिपाने का प्रयास हो रहा है बस के दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के बच्चों के अभिभावक भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र स्थिति सेंट जोसेफ स्कूल की बस गुरुवार को स्कूल छुट्टी के बाद 3 बजे लगभग 35 बच्चों को लेकर अझुवा छोड़ने जा रही थी। बस जैसे ही सकाढ़ा तिराहा के पास पहुंची आगे चल रही रोडवेज बस ने सवारी उतारने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगा दिया रोडवेज बस के अचानक रुकने से पीछे आ रही स्कूली बस उससे पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूली बस का अगला शीशा टूटकर अंदर बिखर गया। बस की टक्कर लगते ही बस के अंदर चीख पुकार मच गई बच्चे लुढ़क कर इधर-उधर गिर गए जिससे बच्चों में दहशत फैल गई हादसे में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई घटना की सूचना मिलते ही कोखराज पुलिस मौके पर पहुंची। और बचाव एवं राहत कार्य में लग गई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने दोनों बसों को हाईवे के किनारे खड़ा करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है स्कूल बस और रोडवेज बस के चालकों की एक बार फिर बड़ी लापरवाही उजागर हुई है कि आखिर इतना अनियंत्रित बस को क्यों चलाते हैं कि एक बस के रुकने के बाद दूसरी बस उससे टकरा जाती है क्या 35 बच्चों को लेकर जाने वाले बस चालक की जिम्मेदारी और जवाब देही नहीं थी कि वह बस को नियंत्रण में चलाएं।

## रहस्य मय परिस्थितियों में गायब हुआ मदरसा में पढ़ने वाला छात्र

**जनपद मुख्यालय मंझनपुर जैसे प्रमुख स्थान से बालक का रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित एक मदरसा में पढ़ने वाला छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है जब परिजन मदरसा पहुंचे और छात्र के बारे में जानकारी करने लगे तो मदरसा संचालकों ने यह कहकर मामले को टालने का प्रयास किया है कि छात्र बाजार गया था बाजार से वापस नहीं लौटा वहीं से गायब हो गया है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर निवासी अरमान उम्र लगभग 13 वर्ष पुत्र कमरूल अपने नाना हलीम पुत्र ईमाम अली ग्राम फैजीपुर के पास रहता था मंझनपुर के चक नगर प्रथम में स्थित मदरसा बाबा निजामी में रहकर अरमान पढ़ाई करता था अरमान स्कूल में कक्षा 7 का विद्यार्थी था मदरसा के प्रबंधक का कहना है कि 15 अक्तुबर को समय लगभग साढ़े तीन बजे मदरसे में दर्जी के यहां कपड़ा लेने जा रहा हूं बोलकर गया था जिसका आज तक कोई पता नहीं चल सका जब अरमान वापस नहीं आया तो मदरसे वाले ने घर वालों को जानकारी दी अरमान की मां जब मदरसे आई तो फोन पर कुछ बात होने की बात बताई जिसकी वजह से अरमान नाराज होकर चला गया। मदरसा से बालक के गायब होने के बाद परिवार के लोग परेशान हैं और जनपद मुख्यालय मंझनपुर जैसे प्रमुख स्थान से बालक का रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गौरा का किया निरीक्षण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय गौरा का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। सभी अध्यापकगण उपस्थित पाये गए। विद्यालय में कुल नामांकित 50 बच्चों के सापेक्ष 45 बच्चें उपस्थित पाये गए। उन्हांने क्लास में जाकर बच्चों से हिन्दी व अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पाई गई। उन्होंने स्वयं श्यामपट्ट पर गणित के सवाल लिखकर बच्चों से पूँछा तथा गणित के सवाल हल करवायें। उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें तथा अध्यापकों को शिक्षण कार्य में निरन्तर सुधार करने के निर्देश दिएं ताकि बच्चे आसानी से सीख सकें।

### ईंट-भट्ठा संचालक विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क जमा करने के पश्चात ही ईंट-भट्ठे का करें संचालन

**कौशांबी।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने जनपद में ईंट भट्ठा संचालकों को सूचित किया है कि ईंट भट्ठा सत्र 2025-26 दिनांक 01 अक्टूबर से शुरू हो गया है। भूतत्व एवं खनिर्म अनुभाग उ.प्र. द्वारा ईंट भट्ठों के संचालन पर विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क बिना ब्याज के दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक जमा कर ईंट मिट्टी खनन के निर्देश दिये गए हैं। बिना विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क जमा किए ईंट मिट्टी का खनन अवैध खनन माना जाएगा तथा सम्बन्धित भट्ठा संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने समस्त ईंट-भट्ठा संचालकों को निर्देशित किया है कि दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक नियमानुसार विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क जमा करने के पश्चात ही ईंट-भट्ठे का संचालन करें।

### नवचयनित मुख्य सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कौशांबी।** जनपद में नवचयनित मुख्य सेविकाओं का विकास भवन स्थित सरस हाल में 02 दिवसीय विभागीय प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण में 24 मुख्य सेविकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिन्हें बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्वारा विभागीय कार्य एवं पोर्टल के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाना, प्रत्येक मुख्य सेविका की प्राथमिक जिम्मेदारी है जिलाधिकारी ने सभी मुख्य सेविकाओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पोषण,स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी माधुरी सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला मैराथन दौड़ का आयोजन

**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय, हकीमपुर सोनी में महिला मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य अबरार अहमद अंसारी एवं उप क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने झण्ड़ी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। इस महिला मैराथन दौड़ में 25 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्रियंका, द्वितीय स्थान नसरा बानो एवं तृतीय स्थान अंशू देवी ने प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिव बहादुर सिंह सहायक अध्यापक, महेन्द्र प्रताप सिंह जयकरन सिह महेन्द्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक, उर्मिला देवी, मेघा जायसवाल, निकिता श्रीवास्तव, राकेश कुमार सरोज शिक्षामित्र आदि उपस्थित रहें।

### क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी की पहल से दंपत्ति में हुआ सुलह

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कार्यालय कौशाम्बी में सर्किल स्तर पर परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा दंपत्ति के मध्य पारिवारिक विवाद के मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पति मनराज एवं पत्नी मधु, निवासी ग्राम गढ़वा, थाना कौशाम्बी के बीच उत्पन्न विवाद पर दोनों पक्षों से वार्ता कर मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौता कराया गया।दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से एक-दूसरे के साथ प्रेम, विश्वास और सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने का आश्वासन दिया।क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा बताया गया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाना है। ऐसे प्रयासों से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द भी बढ़ता है।

### वारण्टी अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 61/2002 धारा 323/504/506 भादवि थाना सैनी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बंगाली कहार पुत्र हरी प्रसाद निवासी कस्वा सिराथू थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार अभियुक्त 16 वर्ष बाद डेढ़ हजार से दण्डित

**कौशांबी।** पुरामुफ्ती थाना पुलिस द्वारा 15 सितम्बर 2009 को अभियुक्त को तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 377/2009 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त मो0 हासिम पुत्र मोहम्मद नाजिम निवासी हटवा थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को दिनांक 15.10.2025 को न्यायालय सीजेजेडी/ एफटीसी-2 जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 1500/- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का दिया चेक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों- सीमा, अनीता, राजरानी, संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी, रेखा देवी, रूबी बानों, सईदा बेगम एवं निर्मला देवी को प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का चेक प्रदान किया अध्यक्ष, जिला पंचायत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना संचालित कर माताओं/बहनों को चूल्हा की धुआॅ से मुक्ति दिलाने का सराहनीय कार्य किया है। चूल्हें के धुएं से अनेक बीमारियां होती थी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रहीं है। इन योजनाओं का लाभ उठायें जिलापूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद में उज्ज्वला योजना के कुल 182561 लाभार्थी हैं। सरकार द्वारा इन लाभार्थियों को होली एवं दीपावली पर गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण किए जाने का निर्णय लिया गया है। लाभार्थियों को कुल रू0-905.50 उनके खाते में सीधे हस्तान्तरित कर दिया जाता है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य वा मुख्य विकास अधिकारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की 8 छात्र छात्राएं

अखंड भारत संदेश



छात्र-छात्राएं करेंगे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**कौशांबी।** वाराणसी के बी.पी. गुजरात विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित हुई 69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय राइफल/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल का प्रतिनिधित्व करने वाले कौशाम्बी के धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के 8 छात्र/छात्राओं ने अचूक निशाना साधते हुए सर्वाधिक स्थान अर्जित किए।अण्डर-19 बालिका वर्ग में विद्यालय की छात्रा रेशमा देवी ने स्वर्ण पदक; नीलू कुशवाहा ने रजत पदक एवं मधु देवी ने कांस्य पदक प्राप्त कर कौशाम्बी जनपद को गौरवान्वित किया ।अण्डर-17 बालिका वर्ग में शिखा वर्मा को रजत पदक, पलक जायसवाल को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।अण्डर-17 बालक वर्ग में अनिकेत तिवारी को रजत पदक व रुद्र नारायण को कांस्य पदक प्राप्त हुआ अण्डर-14 बालिका वर्ग में प्राची यादव को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

समाचार प्राप्त होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी व अन्य शिक्षको ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी जिला विद्यालय निरीक्षक-कौशाम्बी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी- कौशाम्बी कमलेंद्र कुशवाहा, खेल सचिव श्याम लाल, पूर्व खेल सचिव चंद्र भूषण पाण्डेय व नीरज केशरी पी.इ.एस. समेत अन्य अधिकारियों ने समस्त विजेता छात्र छात्राओं को जनपद कौशाम्बी का गौरव वर्धन करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

### धान के खेत में पहुॅचकर डीएम ने की फसल की कटाई

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तहसील मंझनपुर के ग्राम-ओसा में किसान राजेन्द्र कुमार के खेत पर पहुॅचकर फसल धान की क्रॉप कटिंग के कार्यों का निरीक्षण तथा स्वंय धान की कटाई किया। उन्होंने फसल धान की उत्पादकता का आंकलन कर जी.सी.ई.एस.एग्री ऐप पर ऑकड़े अपलोड करवाये एवं किसान राजेन्द्र कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने किसान से अपील करते हुए कहा कि वे धान को सरकारी क्रय केन्द्र पर ही विक्रय करें तथा पराली न जलायें 43.3 वर्ग मी. क्षेत्रफल में क्रॉप कटिंग कराई गई, जिसमें उत्पादन 18.720 किग्रा. पाया गया। क्रॉप कटिंग बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के फसल की क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए इन ऑकड़ों का महत्वपूर्ण स्थान है। किसान को सही समय पर उनकी फसल का मुआवजा दिए जाने में भी सुगमता होती है इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुखलाल प्रसाद वर्मा, नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा, सांख्यकीय अधिकारी रविकांत एवं लेखपाल राजन सिंह उपस्थित रहें।

## महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में कार्यशाला आयोजित कर एएसपी ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** फिरोज गांधी इंटर कॉलेज, शमसाबाद मंझनपुर में छात्राओं बालिकाओं हेतु अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा मिशन शक्ति टीम मंझनपुर के साथ एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक बालिका को अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा काउंसलिंग हेल्पलाइन 181 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं हेतु संचालित सरकारी योजनाओं व सुरक्षा एप्लिकेशनों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी प्रकार की घटना या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत समय-समय पर विद्यालयों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाओं की सुरक्षा व आत्मविश्वास को और सुदृढ़ किया जा सके।

### रहस्य मय परिस्थितियों में गायब हुआ युवक



**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव का एक युवक 15 अक्टूबर को रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक जगत नारायण मिश्रा उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र सहसराम निवासी कोरी पुर थाना पश्चिम शरीरा 15 अक्टूबर की सुबह 10:00 बजे घर से बैरमपुर बाजार जाने को कहकर निकला था युवक थोड़ा सा मानसिक मानसिक विक्षिप्त भी है लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं गायब युवक की काफी खोजबीन की गई है मामले की सूचना उसके बाबा राम भवन द्वारा थाना पुलिस को दी गई है।

## चोरी में आरोपी नाबालिग बच्चों के परिजनों के नाजायज दबाव में बच्चों को छोड़ना चौकी इंचार्ज को पड़ा भारी

**पुलिस हिरासत से छूटने के बाद बच्चों के परिजनों ने चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से की शिकायत**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर टिकरी गांव के चार नाबालिग बच्चों पर चोरी करने का आरोप था इसी आरोप के चलते 10 अक्टूबर को पुलिस चौकी टेवा के इंचार्ज चारों बच्चों को पकड़ लाए और उनसे पूछताछ की बच्चों से पूछताछ के दौरान कुछ घटनाओं का खुलासा भी किया है लेकिन बच्चे नाबालिक थे और कानून के मुताबिक नाबालिक बच्चों पर मुकदमा नहीं दर्ज किया जा सकता है इसी बीच कुछ नेता सिफारिश करने पहुंचे कि बच्चे हैं साहब छोड़ दीजिए यदि पुलिस की कार्यवाही कर देंगे तो छोटे-छोटे मासूम बच्चों का जीवन बर्बाद हो जाएगा परिवार के लोगों ने भी पुलिस से बच्चों को छोड़ने की फरियाद की जिस पर चौकी इंचार्ज ने चारों नाबालिग बच्चों को छोड़ दिया चोरी की घटना में आरोपी चारों बच्चों के छूटने के बाद परिवार के लोगों ने साजिश रचना शुरू कर दिया और कुछ लोगों के बहकावे में आकर के परिवार के लोगों ने चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है चोरी की आरोपी बच्चों पर चौकी इंचार्ज ने कार्यवाही कर दी होती तो चौकी इंचार्ज की मुसीबत ना बढ़ती कुछ दबाव और कुछ लालच का परिणाम तो अब चौकी इंचार्ज को जांच के दौरान भुगतना ही पड़ेगा।

## डीएम एसपी ने भरवारी मेला क्षेत्र का लिया जायजा, दिये निर्देश



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी में लगने वाले दशहरा मेला की व्यवस्था देखने के लिए बुधवार की शाम को जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह तीनों सर्कल के क्षेत्र अधिकारी और कोखराज थानेदार पुलिस फोर्स के साथ भरवारी मेला क्षेत्र पहुंचे हैं और मेला क्षेत्र में भ्रमण कर अधिकारियों ने कानून व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स,बैंक सखियों एवं मिशन प्रबंधको को दिया प्रशस्ति पत्र

**कौशांबी।** जिला मिशन प्रबंधक इकाई, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सूक्ष्म वित्त औ? वित्तीय समावेशन विषयगत एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन सरस हाल, विकास भवन में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स, बैंक सखियों औ? खंड मिशन प्रबंधको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित बैंकर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि समूहों को तेजी से लोन उपलब्ध करवायें, ताकि दीदियो के रोजगार मे बढ़ोतरी हो सकें औ? आजीविका वृद्धि कर उनकी पारिवारिक आय मे वृद्धि हो सकें। एन.आर.पी ओम प्रकाश खोकर तथा जितेंद्र यादव हैदराबाद ने इस विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बैंकर्स औ? योजनान्तर्गत आने वाली समस्याओं में समाधान उपलब्ध करवाया।इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बंधु, जिला मिशन प्रबंधक तथा जनपद की समस्त रूरल शाखाओ के शाखा प्रबंधक सहित समस्त बैंक सखियां, बैंक जिला समन्वयक एवं खंड मिशन प्रबंधक उपस्थित रहें।

### महेवाघाट थाना में लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु क्षेत्राधिकारी द्वारा आयोजित हुआ अर्दली रूम

**कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा थाना महेवाघाट में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा के सम्बन्ध में अर्दली रूम आयोजित किया गया अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी ने थाने में लंबित विवेचनाओं, अभियोगों एवं प्राप्त शिकायती पत्रों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि सभी लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी ने कहा कि प्रत्येक विवेचना पारदर्शी, निष्पक्ष व साक्ष्य-आधारित होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वी.एच.एस.एन.डी. सेशन भैला मकदूमपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने वी.एच.एस.एन.डी. सेशन भैला मकदूमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ए.एन.एम. एवं आशा से स्वास्थ्य, पोषण एवं टीकाकरण सम्बन्धी कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए ए.एन.एम. को ड्यूलिस्ट अपडेट रखने एवं एम.सी.पी. कार्ड में सूचनायें शत-प्रतिशत भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूलिस्ट के अनुसार बच्चों के टीकाकरण एवं एन.एन.सी. चेक-अप का विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सही खान-पान एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक जानकारी दी जाय तथा पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित किया जाय।

## स्वदेशी मेला में विश्वकर्मा श्रम सम्मान तथा ओडीओपी में चयनित लाभार्थियों को टूलकिट वितरित

**कौशांबी।** मंझनपुर के डायट मैदान में दिनांक 09 अक्टूबर से आयोजित होकर एवं 18 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले यू0पी0 इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला में बुधवार को अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान तथा ओ०डी०ओ०पी० टूलकिट योजना में चयनित लाभाथियों को टूलकिट वितरित किया स्वदेशी मेले में जनपद के 10 विभागों द्वारा 50 स्टालों जैसे-श्यामलता ने मिटटी की मूर्तिया, हरिमोहन मिश्रा खादी वस्त्र, जय हिन्द आचार मुरब्बा, प्रियंका देवी जूते चप्पल निर्माण, शिवदेवी बैग हाउस, पुष्पा देवी साबुन निर्माण, आराधना देवी धूपबत्ती निर्माण, जयप्रकाश जैविक कृषि, संध्या सिंह हार्षिक/फिनायल, वैष्णवी महिला स्वंय सहायता समूह खाद्य सामग्री, कमलेश कुमार आचार मुरब्बा, कायम आर्ट द्वारा ग्लास आर्ट, मन्नू रहमान रेडीमेन्ड गारमेन्ट, फरीद अहमद केला प्रसस्करण, शिवकली चाउमीन नूडल्स, मनीषा महिला स्वंय सहायता समूह आचार मुरब्बा एंव अन्य स्टाल धारकों ने अपने उत्पाद/सेवा/ जनोपयोगी कार्यकम का प्रस्तुतीकरण किया।

## मार-पीट करने वाला अभियुक्त 15 वर्ष बाद 4000 रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 12 अक्टूबर 2010 को मार-पीट करते हुए जान से मारने की धमकी के मामले में एनसीआर संख्या 150/2010 धारा 323/504/506 भादवि पंजीकृत हुआ विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त विकाश प्रजापति पुत्र कामता निवासी पतेरिया विसारा थाना कोखराज को 14.10.2025 को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 4000 /- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## सम्पादकीय

## जदयू के भविष्य पर सवाल

1999 से अस्तित्व में आया जनता दल यूनाइटेड अब कब तक कायम रह पाएगा, उसका भविष्य क्या होगा, ये सवाल अब बिहार चुनाव के वक्त उठने लगे हैं। 2005 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू सत्ता में बना हुआ है, बीच में थोड़े अंतराल के लिए नीतीश सरकार हटी, लेकिन फिर भी दो दशकों से बिहार की राजनीति जदयू और नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। इससे पहले लालू प्रसाद लंबे वक्त बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे और वे अब भी प्रासंगिक बने हुए हैं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल ने 2020 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें नीतीश कुमार ही पिछड़ गए थे। अगर भाजपा का साथ नहीं होता तो शायद नीतीश कु मार को सत्ता भी नहीं मिलती। तेजस्वी यादव अब भी जदयू और भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। चुनाव में चाहे राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की हार हो या जीत हो, लालू यादव और तेजस्वी यादव हर हाल में प्रासंगिक बने रहेंगे, क्योंकि भाजपा के खिलाफ वे मजबूती से डटे हैं। जबकि नीतीश कुमार भाजपा के आगे इतना झुक चुके हैं कि अब धराशायी होने के ही आसार उनके लिए बने हैं।

भाजपा का इतिहास भी इसकी गवाही देता है कि जो क्षेत्रीय दल उसके मुकाबले मजबूत होता है, उसे गठबंधन में साथ लेकर भाजपा पहले उसे कमजोर करती है, न कर पाए तो उसे भीतर से तोड़ती है, या फिर उसका विलय कर लेती है। किसी भी तरह गठबंधन के दल इतने ताकतवर न हो पाएं कि वे अपनी शर्तें भाजपा के सामने रखें, ऐसी रणनीति पार्टी की रहती है। अटल बिहारी वाजपेयी के काल की भाजपा में ऐसा नहीं था, तब क्षेत्रीय दलों का अपना रसूख और जगह बरकरार थे। अब मोदी-शाह युग की भाजपा है। जिसमें हर हाल में बड़ा भाई भाजपा को ही रहना है। बिहार में पिछले 20 सालों से भाजपा बड़ा भाई बनने का मौका देख रही थी। अब जबकि नीतीश कुमार शारीरिक तौर पर कमजोर हो चुके हैं, जदयू में शरद यादव के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है, जो नीतीश कुमार को सही सलाह दे सके, नीतीश के बेटे निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में नहीं हैं और राज्य में भाजपा का प्रभाव वाला प्रशासन चल रहा है, ऐसे में नीतीश कुमार को राजनैतिक तौर पर कमजोर करने का मौका भाजपा के हाथ लगा। इस बार सीट बंटवारे में जदयू और भाजपा दोनों ही 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। जबकि चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) 29 सीटों पर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। पिछले चुनाव में जदयू ने 115 सीटों और भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था। कम सीटों पर नीतीश कुमार का मान जाना खुद जदयू के नेताओं के लिए झटका है, उनके लिए बड़े भाई या छोटे भाई बनने से बड़ा सवाल ये है कि अब जदयू बचेगा या नहीं? सीट शेयरिंग में भाजपा के अलावा केवल चिराग पासवान ही जीते हुए नजर आ रहे हैं, जिन्होंने 30 सीटें मांगी थी और 29 मिल गई हैं। दरअसल चिराग पासवान इस बार बिहार में कई महीनों से तल्ख तेवर अपनाए हुए थे। नीतीश सरकार के कामकाज और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था का सवाल वो उठाते रहे और बीच-बीच में आम सभाएं कर अपनी ताकत मोदी को दिखाते रहे। मोदी को भी अभी ऐसे युवा नेताओं की दरकार है, जो राहुल या तेजस्वी के सामने खड़े हो सकें।

# यह महंगाई नहीं, नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण है!

अनिल जैन

**जब** आपूर्ति कम होती है तो बाजार में चीजें दिखाई नहीं पड़ती हैं और उनकी कालाबाजारी होती है। अभी न तो जमाखोरी हो रही है, न ही कालाबाजारी। हो रही है तो सिफ ´और सिफ ´बेहिसाब-बेलगाम मुनाफाखोरी। इसे नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण भी कह सकते हैं। जाहिर है कि सरकार या सरकारों ने अपने आपको जनता से काट लिया है। यह हमारे लोकतंत्र का बिल्कुल नया चेहरा है- घोर जनद्रोही और शुद्ध बाजारपरस्त। इस समय राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही तमाम दारुण खबरों के बीच आम आदमी के लिए सबसे ज्यादा निराश-हताश करने और डराने वाली खबर यह है कि उसे महंगाई से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। 'बहुत हुई महंगाई की मार...' का नारा लगाकर 2014 में प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी तो अब कभी भूल से भी महंगाई का नाम नहीं लेती। दो महीने पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था, 'मैं जल्दी ही एक बड़ा फैसला लेने जा रहा हूं, जो आपको 'डबल दिवाली' का अहसास कराएगा।' उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में सुधार करने की बात करते हुए कहा था कि लोगों को दिवाली का तोहफा मिलेगा और उनका जीवन आसान होगा। फिर पिछले महीने यानी सितंबर की 21 तारीख को राष्ट्र के नाम संदेश में उन्होंने जीएसटी की दरों में कटौती का ऐलान करते हुए दावा किया कि इससे आम लोगों को 2.5 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित बचत होगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि जीएसटी की दरों में सुधार से रोजमर्रा की कई जरूरी चीजें कर मुक्त और कई चीजें सिर्फ पांच फीसदी टैक्स के दायरे में आ गई हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी इस घोषणा को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया। प्रधानमंत्री की इस घोषणा का मीडिया ने जोर-शोर से प्रचार किया। खुद सरकार ने भी मोदी को 'गरीबों का मसीहा' बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर अरबों रुपये फूंक डाले। जबकि हकीकत यह है कि जीएसटी की दरों में कटौती का यह फैसला जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिया गया था। गौरतलब है कि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री जीएसटी परिषद के सदस्य हैं। इसलिए जीएसटी की दरों में कटौती का फैसला अकेले प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की सहमति से लिया गया था। ऐलान पीएम ने किया था। अगर सभी राज्य सहमत नहीं होते तो यह फैसला नहीं हो सकता था।

बहरहाल गाजे-बाजे के साथ हुई प्रधानमंत्री की घोषणा के बावजूद बाजार में रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं मसलन अनाज, दाल-दलहन, आटा, चीनी, मसाले, सब्जी, फल, दूध, खाद्य तेल, घी, दवाई, साबुन, कपड़ा, चप्पल-जूते आदि की कीमतों में रत्ती भर की कमी नहीं आई है। हां, कुछ चीजों के दामों में पहले की अपेक्षा कुछ बढ़ोतरी जरूर हो गई है। पेट्रोल और डीजल के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके दामों में निरंतर कमी आ रही है। ऐसा नहीं कि महंगाई का कहर हाल के वर्षों में कोई पहली बार टूटा हो। महंगाई पहले भी होती रही है। जरूरी चीजों के दाम पहले भी अचानक बढ़ते रहे हैं, लेकिन थोड़े समय बाद फिर नीचे भी आए हैं परन्तु इस समय तो मानो बाजार में आग लगी हुई है। वस्तुओं की लागत और उनके बाजार भाव में कोई संगति नहीं रह गई है। इस मामले में आम आदमी लाचार और असहाय होते हुए जिस सरकार से आस लगाए हुए है कि वह कुछ करेगी, वह सरकार सिर्फ निर्गुण विकास, स्वदेशी और राष्ट्रवाद का बेसुरा राग अलापते हुए जनता को आत्मनिर्भर बनने की नसीहत दे रही है। कीमतों की इस दोहरी मार ने आम आदमी के भोजन के इंतजाम को इकहरा कर



दिया है। इस सिलसिले में सरकार की ओर से कभी-कभार दी जाने वाली सफाई भी कतई विश्वसनीय नहीं है। मानसून का कमजोर रहना या पर्याप्त बारिश नहीं होना, ऐसा कारण नहीं है कि इनका असर सभी चीजों पर एक साथ पड़े। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि कीमतें इतनी ज्यादा होने के बावजूद बाजार में किसी भी आवश्यक वस्तु का अकाल-अभाव दिखाई नहीं पड़ता। जब आपूर्ति कम होती है तो बाजार में चीजें दिखाई नहीं पड़ती हैं और उनकी कालाबाजारी होती है। अभी न तो जमाखोरी हो रही है, न ही कालाबाजारी। हो रही है तो सिफ ´और सिफ ´बेहिसाब-बेलगाम मुनाफाखोरी। इसे नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण भी कह सकते हैं। जाहिर है कि सरकार या सरकारों ने अपने आपको जनता से काट लिया है। यह हमारे लोकतंत्र का बिल्कुल नया चेहरा है- घोर जनद्रोही और शुद्ध बाजारपरस्त। तीन दशक पहले तक जब किसी चीज के दाम असामान्य रूप से बढ़ते थे तो सरकारें कुछ तो हस्तक्षेप करती थीं। यह अलग बात है कि इस हस्तक्षेप का कोई खास असर नहीं होता था, क्योंकि उस मूल्य वृद्धि की वजह वाकई उस चीज की दुर्लभता या अपर्याप्त आपूर्ति होती थी। यह स्थिति पैदा होती थी उस वस्तु के कम उत्पादन की वजह से। अब तो सरकारों ने औपचारिकता या दिखावे का हस्तक्षेप भी बंद कर दिया है। वे बिल्कुल बेफिक्र हैं- महंगाई का कहर झेल रही जनता को लेकर भी और जनता को लूट रही बाजार की ताकतों को लेकर भी। कुछ साल पहले तक महंगाई पर लगाम लगाने के मकसद से रिजर्व बैंक भी हरकत में आता था और अपने स्तर पर कुछ कदम उठाता था, लेकिन अब महंगाई उसकी चिंता के दायरे में नहीं आती। उसकी स्वायत्ता का अब अपहरण हो चुका है। अब उसका पूरा ध्यान सरकार के दुलारे शेयर बाजार को तंदुरुस्त बनाए रखने और सरकार की गड़बड़ियों को छुपाने में लगा रहता है। महंगाई को लेकर सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि समूची राजनीति उदासीन बनी हुई है। पहले जब महंगाई बढ़ती थी तो उस पर संसद में चर्चा होती थी। विपक्ष सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा करता था। सरकार भी महंगाई को लेकर चिंता जताती थी। वह महंगाई के लिए जिम्मेदार बाजार के बड़े खिलाड़ियों को डराने या उन्हें निरुत्साहित करने के लिए कठोर कदम भले ही न उठाती हो, पर सख्त बयान तो देती ही थी। अब तो ऐसा भी कुछ नहीं होता। कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में 16 मर्तबा संसद में महंगाई के सवाल पर बहस हुई। उससे पहले एनडीए सरकार के छह वर्ष के कार्यकाल में भी 8 मर्तबा इस सवाल पर संसद में लम्बी बहसें हुई थीं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल यानी 16वीं लोकसभा में भी तीन बार संसद में महंगाई पर चर्चा हुई, लेकिन उनके दूसरे कार्यकाल यानी 17वीं लोकसभा के किसी भी सत्र में महंगाई पर कोई चर्चा नहीं हुई। मौजूदा यानी 18वीं लोकसभा के भी अब तक चार सत्र बीत चुके हैं पर महंगाई का जिक्र तक नहीं हुआ है। विपक्ष की ओर से यह मुद्दा उठाने की कोशिश भी की गई तो उसे या तो सत्तापक्ष की नारेबाजी और शोर-गुल में दबा दिया गया या फिर स्पीकर और सभापति ने मुद्दे को उठाने से ही रोक दिया। राजनीतिक पुस्तकें पाकिस्तान में टमाटर और प्याज के दाम बढ़ने को लेकर कई-कई दिनों तक शोर मचाने वाला भारत का टेलीविजन मीडिया भी अपने देश की महंगाई का कभी भूले से भी जिक्र नहीं करता। याद नहीं आता कि पिछले दस वर्षों में किसी टीवी चैनल ने महंगाई के मुद्दे पर कोई बहस आयोजित की हो। किसी अन्य विषय पर बहस के दौरान विपक्षी दल का कोई प्रवक्ता अगर महंगाई का सवाल छेड़ भी देता है तो चैनल के एंकर की ओर से उसे यह कहते हुए झिड़क दिया जाता है कि वह बहस को मुद्दे से भटकाने का प्रयास न करे। इसी वजह से मुनाफाखोरों, जमाखोरों और कालाबाजारियों को मीडिया की ओर से भी अभयदान मिला हुआ है। अगर बढ़ी हुई कीमतों का कुछ हिस्सा उत्पादकों तक पहुंच रहा होता या अनाज और सब्जियां उगाने वाले किसान मालामाल हो रहे होते, तब भी कोई बात थी। ऐसा भी नहीं हो रहा है। इस अस्वाभाविक महंगाई का लाभ तो बिचौलिए और मुनाफाखोर बड़े व्यापारी उठा रहे हैं। वैसे मीडिया की सर्वव्यापकता और सक्रियता के दौर में किसी भी सरकार के लिए निर्धारित कीमतों पर चीजें बिकवाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऐसा करने का नकारात्मक नतीजा यह हो सकता है कि कुछ दिनों के लिए आवश्यक वस्तुएं बाजार से गायब ही हो जाएं।

# घुसपैठियों के खतरे का सच

राजेन्द्र शर्मा

**यहां** तक तो हिंदुओं के लिए बहुत विचलित होने का कारण नहीं बनता है। बेशक, देश की कुल आबादी में हिंदुओं का अनुपात घटा है और मुसलमानों का अनुपात बढ़ा है, लेकिन दोनों की जनसंख्याओं में अंतर इतना बड़ा है कि ये आंकड़े शायद ही खास चिंता पैदा करेंगे। आखिरकार, साठ साल में आबादी में मुसलमानों का अनुपात कुल 4.4 फीसद बढ़ा है और हिंदुओं का अनुपात इससे कुछ कम ही घटा है। भाजपा के सर्वोच्च रणनीतिकार माने जाने वाले, अमित शाह ऐलान कर चुके थे कि उनका गठजोड़ बिहार का चुनाव और उससे अगले चरण में कम से कम असम तथा प. बंगाल का चुनाव भी, किस मुद्दे के आसरे लड़ने जा रहा है। यह मुद्दा है-'घुसपैठियों का खतरा'। दैनिक जागरण के एक आयोजन में अपने सार्वजनिक व्याख्यान में अमित शाह ने यह ऐलान किया। और इसी व्याख्यान में अमित शाह ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि 'घुसपैठियों' से उनका आशय, पड़ोसी देशों से आए मुसलमान प्रवासियों से ही है, जो 'आर्थिक कारणों' से आते हैं। बंगलादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि, पड़ोसी देशों में कथित रूप से धार्मिक-उत्पीड़न के कारण आने वाले–जाहिर है कि हिंदू–तो घुसपैठिये नहीं प्रवासी हैं!



बहरहाल अमित शाह सिर्फ पड़ोसी देशों से आए प्रवासियों को इस तरह हिंदू और मुसलमान में विभाजित करने और प्रवासी मुसलमानों को 'खतरा' और प्रवासी हिंदुओं को 'अपना' बताने पर ही नहीं रुके। उन्होंने इस खतरे को बेहिसाब बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का हथकंडा आजमाया, ताकि चुनाव प्रचार के लिए 'हिंदू खतरे में हैं' का जोर-शोर से ढोल पीटा जा सके। यह दूसरी बात है कि भाजपा के चाणक्य ने यह ढोल कुछ ऐसे अनाड़ीपन से और इतने जोर से पीटा कि ढोल ही फट गया। और इस विशाल देश के गृहमंत्री को, ट्वीट को डिलीट करना पड़ा और बाद में एक संशोधित ट्वीट जारी करना पड़ा, जिसमें से असली पंच लाइन ही गायब हो चुकी थी।

लेकिन, ऐसा होना संयोग हर्गिज नहीं है। बेशक, अमित शाह भारत के गृहमंत्री हैं, लेकिन शाह आरएसएस के परखे हुए स्वयंसेवक पहले हैं। और आरएसएस के शीर्ष हलके अब हिटलर की विचार तथा आचार की परंपरा से अपने रिश्तों को छुपाने की चाहे जितनी कोशिश क्यों न करें, लेकिन खुद को हिटलर के प्रचार मंत्री, गोयबल्स का सच्चा चेला साबित करने में हमेशा लगे रहते हैं। शाह ने अपने व्याख्यान में और उस पर आधारित ट्वीट में भी दावा किया था कि आजादी के बाद से भारत में मुसलमानों का अनुपात बढ़ता ही गया है और हिंदुओं का अनुपात तेजी से घटता जा रहा है, जोकि खतरनाक है। इस क्रम में शाह ने 1951 की जनगणना से लगाकर हिंदुओं और मुसलमानों के आबादी अनुपात के आंकड़े पेश करते हुए, बताया कि जहां हिंदुओं की आबादी जो 951 में 84 फीसद थी, 2011 में 79 फीसद रह गयी है और इसी दौरान मुसलमानों की आबादी 9.8 से बढ़कर 14.2 फीसद हो गयी है।

फिर भी यहां तक तो हिंदुओं के लिए बहुत विचलित होने का कारण नहीं बनता है। बेशक, देश की कुल आबादी में हिंदुओं का अनुपात घटा है और मुसलमानों का अनुपात बढ़ा है, लेकिन दोनों की जनसंख्याओं में अंतर इतना बड़ा है कि ये आंकड़े शायद ही खास चिंता पैदा करेंगे। आखिरकार, साठ साल में आबादी में मुसलमानों का अनुपात कुल 4.4 फीसद बढ़ा है और हिंदुओं का अनुपात इससे कुछ कम ही घटा है। और साठ साल की कमी और बढ़ोतरी के बावजूद, हिंदू आबादी 80 फीसद के करीब है, जबकि मुस्लिम आबादी 14 फीसद से थोड़ी सी ज्यादा ही है। अगर हिंदुओं की आबादी घटने और मुसलमानों की आबादी बढ़ने की यही रफ्तार रहती है जो कि होना, जैसाकि हम आगे देखेंगे, असंभव है तब भी सरल गणित के हिसाब से भारत में मुसलमानों की आबादी को हिंदुओं की आबादी के बराबर होने में कम से कम साढ़े पांच सौ साल तो जरूर लग जाएंगे। जाहिर है कि इतनी दूर का खतरा दिखाकर, अगले ही महीने होने वाले चुनाव में वोट हासिल करने की, बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती है।

वास्तव में न पांच सौ साल में, न हजार साल में, तार्किक रूप से आबादी में मुसलमानों का हिस्सा कभी भी हिंदुओं से ज्यादा नहीं होने वाला है। और इसकी सीधी से वजह यह है कि कुल आबादी में मुसलमानों का हिस्सा आजादी के बाद से बढ़ता जरूर रहा है, लेकिन यह रुझान गिरावट पर है। यह इसलिए है कि जहां भारत में सभी समुदायों की प्रजनन दर घट रही है, फिर भी मुस्लिम आबादी में प्रजनन दर में गिरावट, हिंदू आबादी की प्रजनन दर की तुलना में कहीं ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार, 1992-93 में मुस्लिम समुदाय के मामले में प्रजनन दर, प्रति महिला 4.4 बच्चे थी, जो 2019-21 में घटकर 2.3 फीसद हो गयी, जबकि इसी दौरान हिंदू समुदाय में प्रजनन दर 3.3 फीसद से घटकर 1.9 पर आ गयी। इस तरह, मुस्लिम समुदाय में प्रति महिला 2.1 बच्चों के जन्म की कमी दर्ज की गयी, जबकि हिंदुओं के मामले में यही कमी 1.4 प्रति महिला थी। इसलिए, वह दिन ज्यादा दूर नहीं है जब हिंदू और मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर बराबर हो जाएगी और आबादी अनुपात में किसी उल्लेखनीय घटत-बढ़त का किस्सा ही खत्म हो जाएगा। बहरहाल, शाह तो धड़ से यह दावा कर देते हैं कि 'भारत में

# इस्राइल-हमास युद्धविराम: आशा की किरण या अस्थायी विराम?

- ललित गर्ग -

**गाजा** की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।



यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्त्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाजा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक ह्यआशा की किरणह्ल बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की ह्लकूटनीति की जीतह्ल से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाजा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागजों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है ।

## डीएम, एसपी ने अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**भदोही । जिलाधिकारी** शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से की गई। बैठक में डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता, अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं



गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकॉड सहित आबकारी ,खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा

## जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वाराब्लॉक स्तरीय क्षेत्रीय क्रीडा प्रतियोगिता किया फीता काटकर उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**भदोही । गुरुवार** को विकासखंड सुरियावां के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बालक बालिकाओं की क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआपुर सुरियावा में कराया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर की प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया विकासखंड सुरियावां के सभी परिषदीय विद्यालयों में क्रीडा प्रतियोगिता के बाद न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था ।इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः काल 9:00 बजे से साय काल 5:00 बजे तक अलग-अलग इवेंट्स में कराया गया इस प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर अभिवादन किया जिलाध्यक्ष



के द्वारा 400 मी की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारंभ कराया। कई बालको एवं बालिकाओं को खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत जी ने बालक बालिकाओं को खेल के महत्व एवं प्रतियोगिता को अच्छे भाव एवं उत्साह से खेलने का निर्देश दिया ।बालकों के उत्साह वर्धन के लिए यहां पर बेहतर से बेहतर सुविधाएं बच्चों के लिए जलपान एवं लंच पैकेट का प्रबंध भी किया। विकासखंड सुरियावा के सभी खेल अनुदेशको के द्वारा अलग-अलग इवेंट्स की जिम्मेदारी दी गई जिसका निर्वहन बड़ी ईमानदारी के साथ किया।

# गैंगस्टर, अवैध खनन और महिला अपराधों पर जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक, सुरक्षा अलर्ट

- अवैध शराब और पास्को पर कड़ा रुख
- गैंगस्टरों पर सख्त रवैया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर जिले के आला अधिकारियों ने सख्त संदेश दिया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न विशेष समीक्षा बैठक में गैंगस्टर, महिला अपराध, पास्को, अवैध खनन, ओवरलोडिंग, नशा, अवैध शराब और खाद्य सुरक्षा सहित सभी संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी थाना अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैंगस्टर के मुकदमे समय पर और बेस केश से पहले पूरे किए जाएँ, पास्को मामलों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाई जाए और महिला अपराधों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ओवरलोडिंग को रोकने के लिए अभियान चलाने, खनिज अधिकारियों के साथ पुलिस फोर्स का समन्वय बनाए रखने और नदियों के किनारे बनी अवैध शराब पर पैनी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। दीपावली और अन्य राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ और औषधियों में मिलावट रोकने के लिए संयुक्त छापामारी का आदेश दिया गया। गवाहों की उपस्थिति और हस्ताक्षर सुनिश्चित करने, शासकीय अधिवक्ताओं से समय पर आख्या प्रस्तुत कराने और आर्म्स एक्ट में संज्ञान लेने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी और थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## सरकारी खजाने पर मनी लॉन्ड्रिंग का काला खेल, 95 संदिग्ध खाते सीज

- चित्रकूट में 50 करोड़ का चूना 0 2017 से चल रहे लूट का बड़ा खेल
- सीएम योगी ने लिया संज्ञान

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिला कोषागार में 2017 से 2025 तक चल रहे एक सनसनीखेज वित्तीय खेल का खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक लगभग 50 करोड़ रुपये पेंशनर शिक्षकों के खातों के माध्यम से अफसरों, बाबुओं और दलालों की मिलीभगत से आपसी बंदरबाट के खेल में डाले जा रहे थे। सरकारी खजाने से निकाले गए धन को पेंशनर के खाते में भेजकर उसका बड़ा हिस्सा लौटवाया जाता और इस प्रक्रिया में सरकारी राजस्व पर चूना लगाया जाता रहा। वित्तीय वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में इस बड़े खेल का खुलासा हुआ और 95 संदिग्ध खातों को सीज कर दिया गया। ट्रेजरी विभाग के लिपिक समेत कई अधिकारियों की कार्यशैली संदिग्ध पाई गई है, जिनमें विकास सिंह सचान, एटीओ अशोक वर्मा, संदीप श्रीवास्तव प्रमुख हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और मातहत अधिकारियों के पेंच कसने के निर्देश जारी किए। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही संदिग्ध कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और लगभग 3000 पेंशनर्स के खातों की भी जांच की संभावना है। यह खुलासा न सिर्फ चित्रकूट जनपद के सबसे बड़े घोटाले को उजागर करता है, बल्कि सरकारी अमले में अफरातफरी और वित्तीय भ्रष्टाचार की तस्वीर भी साफ कर रहा है।

## 86 लाख की कथित मरम्मत के बाद भी दुर्दशा के आंसू बहाता राजा घाट, महिलाएं मजबूर

- कार्तिक मास में श्रद्धा शर्मसार
- विकास या आस्था से खिलवाड़?

**चित्रकूट।** कार्तिक मास का महीना- आस्था, श्रद्धा और स्नान का पवित्र पर्व। प्रातः 4 बजे से सैकड़ों महिलाएं मां मंदाकिनी के तट पर पहुंचती हैं, जहां तुलसी, राधा, कृष्ण और रुक्मणी जी के विवाहोत्सव की परंपरा निभाई जाती है। लेकिन इस वर्ष दृश्य कुछ और ही है- राजाघाट पर विकास की आड़ में विनाश का मंजर। नगर पालिका द्वारा 86 लाख रुपये खर्च कर बनवाया गया घाट आज गंदगी का अड्डा बन चुका है। बिना शासन की अनुमति के कराया गया यह तथाकथित मरम्मत कार्य अब महिलाओं के लिए शर्मनाक मुसीबत बन गया है। घाट के किनारे की सीढ़ियां टूटी हैं, जल में काई और कचरे का अंबार है। श्रद्धालु महिलाएं मजबूर होकर किनारे के कोनों में चार-छह पत्थर जोड़कर स्नान करती हैं। प्रशासन के विकास कार्य की पोल वहीं खुल जाती है, जहां आस्था की डुबकी गंदगी में बदल गई। सवाल है कि 86 लाख के इस घाट में आखिर गया क्या? विकास कहां है और भक्ति का यह पावन स्थल कब फिर निर्मल होगा?



गंदगी से पटाक्षेप राजाघाट

## 73 किग्रा तेल और 30 किग्रा दूषित फिंगर चिप्स नष्ट, व्यापारियों को सुधार नोटिस

**खाद्य सुरक्षा का अभियान**

**चित्रकूट।** दीपावली पर्व को सुरक्षित बनाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के निदेशों पर जनपद चित्रकूट में विशेष अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने राजापुर, भौरी और घुरेहटा मोड़ के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कुल 73 किग्रा सरसों तेल अनुमानित मूल्य 13,140 रुपये को संदिग्ध पाए जाने पर सीज किया गया, वहीं 30 किग्रा रंगीन और दूषित फिंगर चिप्स, मिठाई व मोगौड़ा अनुमानित मूल्य 6,000 रुपये को मौके पर नष्ट कर दिया गया। टीम ने पन्ना स्वीट हाउस, यादव स्वीट हाउस और अजय कुमार के प्रतिष्ठान से नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ ढककर बेचने और साफ-सफाई में कमियों पर गंभीर निर्देश जारी किए गए, साथ ही सुधार हेतु नोटिस भी जारी की गई। इस अभियान में शशांक त्रिपाठी, रत्नाकर सिंह और विनय कुमार सक्रिय रूप से मौजूद रहे।



दुकान में जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम

## माँ मंदाकिनी को मूर्तियों से मुक्त कराने निकली बुंदेली सेना- घाटों पर रखें, नदी में न फेंकें

- मूर्ति भू-विसर्जन मुहिम की अपील
- भक्ति का पर्यावरण संगम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पावन मंदाकिनी की लहरों को प्रदूषण से बचाने के लिए बुंदेली सेना ने इस दीपोत्सव पर एक अनूठी पहल शुरू की है। संगठन ने लोगों से अपील की है कि लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों को नदी में न फेंकें, बल्कि उन्हें घाटों पर श्रद्धापूर्वक रख दें। बाद में इन एकत्रित मूर्तियों का विधिवत भू-विसर्जन कराया जाएगा। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हर साल हजारों लोग मूर्तियाँ सीधे नदी में फेंक देते हैं, जिससे मंदाकिनी का जल प्रदूषित होता है। यदि श्रद्धालु मूर्तियाँ घाटों पर रख दें, तो दीपावली के बाद इन्हें शुद्ध भूमि में विसर्जित किया जाएगा। यह न केवल धार्मिक आस्था का सम्मान होगा, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी। साथ ही पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी बुंदेली सेना ने सराहनीय भूमिका निभाई। अजीत सिंह ने बताया कि उनकी मांग पर जिलाधिकारी ने दो दर्जन सफाईकर्मियों की टीम लगाई, जिन्होंने तीन दिनों में बाँकेसिद्ध से लेकर हनुमानधारा तक मार्ग को चमका दिया। लोक निर्माण विभाग ने भी रास्तों के गढ्ढों की पैचिंग शुरू कराई है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि अब जरूरत है सिद्धपुर से बाँकेसिद्ध तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की, ताकि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा दोनों रोशन रहें।



पंचकोसीय मार्ग पर सफाई में लगी टीम

## विश्व खाद्य दिवस पर किसानों के लिए शिक्षा और प्रेरणा का सत्र, पोषण पर विशेष जोर

**किसानों को दी विशेषज्ञ ट्रेनिंग**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व खाद्य दिवस पर गुरुवार को दीनदयाल शोध संस्थान एवं कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवॉ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इफको सतना ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का विषय था स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधन (फल, सब्जी एवं परम्परागत अनाज) से पौष्टिक भोजन तैयार कर स्वस्थ एवं बेहतर जीवन। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने की, जबकि मुख्य अतिथि कृषि कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक आशीष पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि इफको सतना के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश मौर्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का परिचय दिया, जबकि डॉ अखिलेश कुमार जागरे ने खाद्य सुरक्षा पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उप संचालक आशीष पाण्डेय ने संतुलित पोषक भोजन की अहमियत बताते हुए रंग-बिरंगी थाली का उदाहरण दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अभय महाजन ने देशी खाद्य उत्पादों के सेवन और परिवार को स्वास्थ्यपूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम में 98 कृषक एवं कृषक महिलाएं शामिल हुईं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं श्रीमती प्रीती सेन और श्रीमती संपत साहू को सम्मानित किया गया। संचालन पंकज शर्मा ने किया, और कार्यक्रम की सफलता में केन्द्र के समस्त कार्यकताओं का पूर्ण सहयोग रहा।




विशेष खाद्या शिविर में मौजूद अतिथिगण

## इंकलाब के नारों से गूंजा चित्रकूट- सीपीआई ने दलित उत्पीड़न पर सरकार को घेरा

- लोकतंत्र की रक्षा की मांग
- दलितों का उत्पीड़न बंद करो
- योगी-मोदी पर बरसे कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** दलित उत्पीड़न और जातिगत अत्याचारों के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का लाल झंडा गुरुवार को सड़कों पर गरजा। जिला सचिव का अमित यादव एडवोकेट के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने दलितों का उत्पीड़न बंद करो, योगी-मोदी होश में आओ, इंकलाब जिंदाबाद, सीपीआई जिंदाबाद के नारों के साथ पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर ट्रैफिक चौराहे, पटेल तिराहा होते हुए तहसील मुख्यालय कर्वी पहुंचकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सीपीआई ने देशभर में बढ़ते दलित अत्याचारों, महिलाओं पर हिंसा और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। पार्टी ने कहा कि फतेहपुर के दलित हरिओम वाल्मीकि की हत्या, हरियाणा के आईपीएस पूरनलाल की आत्महत्या और लखनऊ की 11वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप जैसी घटनाएं लोकतंत्र के माथे पर कलंक हैं। कार्यकताओं ने कहा कि अब सड़क से संसद तक संघर्ष होगा, क्योंकि सरकार ने संविधान और समानता के मूल्यों की रक्षा छोड़ दी है। धरने के दौरान महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी को सौंपा गया। सीपीआई ने मांग की कि जातिगत हत्याओं पर रोक लगे, पीड़ितों को मुआवजा व नौकरी मिले, और हर स्तर पर लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित की जाए। धरने में चन्द्रपाल पाल, संदीप पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार, सुनीता, हनुमान, रेवती रमण, पंकज मिश्रा, मुमताज अली सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। चित्रकूट की धरती पर आज लाल झंडे की हुंकार ने एक बार फिर सत्ता के कान खड़े कर दिए।



तहसील के बाहर प्रदर्शन करते सीपीआई कार्यकर्ता

## ग्राहकों से बदसलूकी व लूट के बाद अब अस्पताल खोल नेताजी बनने की साजिश

**चित्रकूट।** कहावत है-ऐसा कोई सगा नही, जिसे हमने ठगा नही। कुछ ऐसा ही दृश्य जिले में देखने को मिल रहा है, जहां एक दुकानदार, जो अब तक ग्राहकों से बदसलूकी, दबंगई और लूट जैसे स्वभाव के लिए कुख्यात रहा है, अचानक समाजसेवा के नाम पर अस्पताल खोलने के ऐलान से सुर्खियों में है। इस व्यक्ति का नाम सुनते ही लोगों के चेहरों पर उपकार नहीं, बल्कि उपहास की रेखाएं खिंच जाती हैं। कभी जो ग्राहकों से तू-तू मैं-मैं और गाली-गलौज में पीछे नहीं रहता था, आज वही व्यक्ति खुद को समाज का मसीहा बताने में जुटा है। कितने बुजुर्ग, गरीब, पीडित इसकी दुकान से रोते हुए गए हैं क्योंकि एक आम आदमी मुकदमे- कचेहरी के चक्कर में नही पडना चाहता। लोग कहते हैं- जिसने अपने ही ग्राहकों को रुलाया, वह मरीजों का इलाज क्या करेगा? परंतु जब आका ही नेता हों, तो उनके चेले में नायक बनने का ख्वाब तो स्वाभाविक है। पचास रुपये के नोट की ताकत पर यह सज्जन अब पूरा जिला बदल देने की घोषणा कर रहे हैं। दावा है कि उनके अस्पताल से चित्रकूट का उद्धार होगा। मगर सवाल है- जिसने अपनी दुकान में लोगों को अपमान और कड़वाहट का इलाज नहीं दिया, वह अस्पताल में इंसानियत की दवा कहां से लाएगा? अब जब लोकप्रियता की भूख सत्ता की दहलीज तक जा पहुंची है, तो अस्पताल केवल मुखौटा बन गया है- एक ऐसा मुखौटा जिसके पीछे छिपा है स्वार्थ, स्वांग और सुर्खियों की भूख। लोग कहने में गुरेज नही कर रहे कि यह अस्पताल नहीं, चरित्र का पोस्टमार्टम होगा। क्योंकि जहां कभी ग्राहकों की कराह थी, वहीं अब झूठी करुणा का उद्घाटन होना है।

## बाल कल्याण समिति की बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी, बच्चों के अधिकार होंगे सुरक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश महिला कल्याण विभाग की दिशा में बच्चों के संरक्षण और बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर मऊ में गुरुवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी शिवशरण अप्पा जीएन और जिलाप्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के निदेशानुसार आयोजित इस बैठक में बच्चों के जीने, विकास, संरक्षण और सहभागिता के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने पिछली कार्यवाहियों की जानकारी दी और जरूरतमंद बच्चों की पहचान करने पर जोर दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने सभी आंगनवाड़ियों को बालश्रम और बाल विवाह की सूचना तुरंत पुलिस व टोलफ्री नंबर पर साझा करने का निर्देश दिया। विज्ञान फाउंडेशन समन्वयक रीना सिंह ने क्षेत्र में संरक्षण के प्रयासों और चुनौतियों से निपटने पर बल दिया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव, सीडीपीओ धर्मेंद्र सिंह, बीईओ कृष्ण दत्त पाण्डेय, उपनिरीक्षक अनूप शुक्ला, अजय पाल सिंह एडीओ पंचायत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




बाल कल्याण समिति की बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## चित्रकूट बना अवैध खनन का अभेद्य किला- बर्बाद होती युवा पीढ़ी, माफिया बने आदर्श?

**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट आज अवैध खनन के काले धब्बे से कलंकित हो चुकी है। नदियों की धाराएँ, जो कभी आस्था और जीवन का प्रतीक थीं, अब रेत माफियाओं की लालच भरी मशीनों के नीचे कराह रही हैं। जिले के हर कोने में अवैध खनन आम बात हो गई है? कभी भारी ट्रक तो कभी छोटे ट्रैक्टर- हर साधन का इस्तेमाल इस खनन तंत्र को जीवित रखने में किया जा रहा है। प्रशासन को शिकायतें मिलती हैं, निरीक्षण भी होते हैं, पर परिणाम वही खानापूर्ति तक सीमित रहते हैं। लाख कोशिशों के बावजूद जिले के माथे से अवैध खनन का यह काला दाग मिट नहीं पा रहा। चिंताजनक पहलू यह है कि यह अवैध कारोबार अब जिले की रगों में समा गया है। तेज पैसे की चकाचौंध में लिप्त खनन माफिया युवाओं के लिए आदर्श बनते जा रहे हैं। सड़कों पर अब आईएएस-पीसीएस की नहीं, बल्कि कितने ट्रैक्टर बालू निकाले और कितने ट्रक मोरंग भेजे की बातें होती हैं। यह न केवल समाज की नैतिकता पर प्रहार है, बल्कि एक पूरी पीढ़ी के सपनों को निगलता जा रहा है। शिक्षित युवा मेहनत और योग्यता से ज्यादा त्वरित लाभ के रास्ते खोज रहे हैं। प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। नदियों को चीरते खनन स्थलों पर निरीक्षण तो होते हैं, पर कार्रवाई दुर्लभ है। वर्षों से शिकायतें बढ़ती जा रही हैं, पर ठोस कदम नदारद हैं। बैठकें होती हैं, फोटो खिंचते हैं, पर परिणाम शून्य। सवाल है- क्या शासन की मंशा सच में साफ है? नदियाँ मौन हैं, पर उनकी खामोशी में एक दर्द छिपा है- कब तक यह भूमि अपनी ही औलादों के हाथों लूटी जाती रहेगी? जवाब प्रशासन नहीं, जनता देगी।

# डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा: पीएम मोदी ने कहा भारत रोकेगा रूसी तेल खरीद

**अमेरिका**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रम्प ने इस कदम को मास्को को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के प्रयासों में एक "बड़ा कदम" बताया।



रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा भारतः ट्रंप का दावा

डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। बहरहाल, इस दावे की पुष्टि भारत सरकार ने नहीं की है। ट्रंप ने कहा, ह्यह्यकोई तेल नहीं होगा। वे तेल नहीं खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव तुरंत नहीं होगा, बल्कि थोड़े समय में होगा।

वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास के कार्यालय ने इस संबंध में टिप्पणी करने के अनुरोध का अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ट्रंप यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने में अपनी असमर्थता के कारण निराश हैं। इस युद्ध की शुरूआत लगभग चार साल पहले रूस के आक्रमण से हुई थी।

उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति असंतोष व्यक्त किया है, जिन्हें वह सुलह की राह में सबसे बड़ी बाधा बताते रहे हैं। ट्रंप का शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने का कार्यक्रम है। चीन के बाद भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है और ट्रंप ने इसके दंड के तौर पर अगस्त में भारत पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। भारत महान देश, मेरे अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैंः ट्रंप

ट्रंप के इस बयान से पहले उन्होंने भारत की तारीफ की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ह्यह्यभारत महान देश है, जिसका नेतृत्व मेरे बहुत अच्छे मित्र कर रहे हैं।ह्वह्व ट्रंप ने गाजा में इजराइल-हमास के बीच करीब दो साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए युद्ध विराम पर बनी सहमति के बाद मिस्र के शर्म अल शेख शहर में विश्व नेताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि ह्यह्यभारत और पाकिस्तान एक साथ बहुत अच्छी तरह से रहेंगे।ट्रंप ने अपने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर देखते हुए कहा, ह्यह्यभारत महान देश है और मेरे बहुत अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान और भारत साथ मिलकर बहुत अच्छे से रहेंगे।ह्वह्व इससे पहले शरीफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अथक प्रयासों के बाद पश्चिम एशिया में शांति स्थापित हुई है।

ट्रंप अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच के विवाद समेत सात विवादों को सुलझाने का दावा करते रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने इजराइल-गाजा विवाद को जोड़कर यह संख्या आठ कर दी है। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि अमेरिका की मध्यस्थता से भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दर्जनों बार अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का ह्यसमाधानह्व करने में मदद की है। भारत ने लगातार यह कहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

## पाकिस्तान में घुसाए रूसी टैंक, मुनीर के सैनिकों की पैंट चौराहे पर टांगी

**अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** के तालिबान ने पाकिस्तान पर नए हमले शुरू कर दिए हैं। यह हमले 15 अक्टूबर को सुबह शुरू किए गए हैं। अफगानिस्तान के तालिबान ने बयान जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान ने हमारे 12 मासूम नागरिकों को मार दिया जिसके जवाब में हमने पाकिस्तान के कई सैनिकों को मार दिया और कईयों को जिंदा पकड़ कर ले गए।

तालिबान ने पकड़े गए पाकिस्तानी सैनिकों की पैंटों को अपनी बंदूक पर टांग कर पूरे इलाके में गश्त लगाई है। इससे बड़ी बेइज्जती पाकिस्तान के लिए क्या हो सकती है? सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर ताजा झड़पों में दर्जनों सैनिकों के साथ-साथ नागरिक भी मारे गए।

## गाजा में युद्धविराम के बाद अब ट्रंप का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने पर

**इजराइल**

**इजराइल-हमास** के बीच युद्धविराम समझौता होने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब वह रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

ट्रंप ने अपने 2024 के चुनाव अभियान में यूक्रेन और गाजा के युद्धों को समाप्त कराने का वादा किया था और तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की नीतियों की कड़ी आलोचना की थी। हालांकि, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सीधे वार्ता कराने की उनकी कोशिशें अब तक नाकाम रही हैं। गाजा में युद्धविराम के बाद ट्रंप ने कहा कि अब उन्हें उम्मीद है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की दिशा में भी प्रगति होगी। ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच इस साल



शुक्रवार को चौथी बैठक होगी। इस बैठक से पहले ट्रंप ने कहा कि यदि पुतिन जल्द शांति वार्ता शुरू नहीं करते, तो वह यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइल बेचने पर विचार करेंगे। इन मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 1,600 किलोमीटर है और ये यूक्रेन को रूसी क्षेत्र के भीतर गहराई तक प्रहार करने की क्षमता देंगी।

पुतिन ने साफ कहा है कि यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें उपलब्ध कराना ह्यलक्ष्मण रेखाह्व लांघना होगा तथा यह मॉस्को और वाशिंगटन के बीच रिश्तों को नुकसान पहुंचाएगा लेकिन ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह पीछे हटने वाले नहीं हैं।

## टैरिफ धमकी से रोका ब्रिक्स का विस्तार, बचाई डॉलर की ताकत

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने ब्रिक्स देशों के ब्लॉक की महत्वाकांक्षाओं को रोकने में भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी देश को चेतावनी दी थी जो ब्रिक्स में शामिल होना चाहता, उस पर अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। उनके अनुसार, इसी चेतावनी के कारण कई देशों ने ब्लॉक में शामिल होने का विचार बदल दिया।




बता दें कि ब्रिक्स ब्लॉक में मूलतः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। 2024 में इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और यूएई और 2025 में इंडोनेशिया को जोड़ा गया था। ट्रंप ने इसे डॉलर के खिलाफ हमला बताया और कहा कि उन्होंने सभी ब्रिक्स देशों पर टैरिफ की धमकी दी, जिससे उनका उद्देश्य अमेरिकी डॉलर और आर्थिक शक्ति को सुरक्षित रखना था।

गौरतलब है कि भारत ने इस मामले में संतुलित रुख अपनाया है। विदेश मंत्री डॉ. सुभाष चंद्रमण जयशंकर ने मार्च 2025 में कहा था कि भारत डॉलर के महत्व को समझता है और इसका उल्लंघन करने में कोई रुचि नहीं रखता। हालाँकि, तब से अमेरिकी और भारतीय व्यापारिक संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं, विशेष रूप से रूस से तेल खरीद को लेकर ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर उच्च टैरिफ लगाने के बाद।

मौजूद जानकारी के अनुसार, ट्रंप का यह कदम अमेरिकी वित्तीय प्रभुत्व और वैश्विक आर्थिक हितों की रक्षा की दिशा में एक रणनीतिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

इसके प्रभाव से ब्रिक्स के विस्तार और उसके वैकल्पिक व्यापार तंत्र पर भी सवाल उठने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में इस स्थिति का वैश्विक व्यापार और डॉलर के वैश्विक प्रभाव पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है।

## ब्रसेल्स से अमेरिका जा रहे हेगसेथ के विमान की खिड़की के शीशे में दरार, उड़ान को ब्रिटेन भेजा गया



**बेल्जियम**


**बेल्जियम** की राजधानी ब्रसेल्स में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक में हिस्सा लेने के बाद अमेरिका लौट रहे रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के विमान की खिड़की के शीशे में दरार के कारण उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे ब्रिटेन भेजा गया। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में बताया कि विमान मानक प्रक्रियाओं के आधार पर उतरा। हेगसेथ के ब्रसेल्स से रवाना होने के बाद ह्यओपन सोर्स फ्लाइट ट्रैकरह्व ने पाया कि उसका सी-32 विमान ऊंचाई पर नहीं पहुंच पा रहा है और एक आपातकालीन संकेत प्रसारित कर रहा है।

पेंटागन में पत्रकारों के लिए नए नियमों को अस्वीकार करने के कारण ह्यपेंटागन प्रेस कोरह्व का कोई भी सदस्य हेगसेथ के साथ यात्रा नहीं कर रहा था। फरवरी में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश को ले जा रहे वायु सेना के सी-32 विमान को भी कॉकपिट की खिड़की के शीशे में समस्या के कारण इसी तरह वाशिंगटन लौटना पड़ा था।

## चीन ने दिमाग ठिकाने लाया, भारत के दरवाजे गिड़गिड़ाने अमेरिका आया

**चीन**

**चीन** ने अमेरिका को टाइट कर रखा है। ऐसें में उसे घूम फिरकर अब भारत की याद आने लगी है। लेकिन भारत तो इस बार पूरी तरह से चौकन्ना है और उसने चेक एंड बैलेंस की रणनीति अपनाई हुई है। अब अमेरिका के साथ वैसा ही व्यवहार होगा जैसा अमेरिका करेगा। चीन और अमेरिका दो दो हाथ करने के लिए आमने सामने खड़े हैं। चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के मामले में अमेरिका की बाहें मरोड़ दी हैं। तो अब अमेरिका चीन को धमका रहा है और फिर से भारत को अपने करीब लाने में लगा है। लेकिन दूध का जला तो छाछ भी फूंक फूंक कर पीता है वाली कहावत को ध्यान



में रखते हुए अब अमेरिका के प्रति भारत भी संतुलित रवैया अपनाने वाला है। भारत को ऐसा करना भी चाहिए और हर समझदार को ऐसा करना चाहिए।

ट्रंप ने बीते दिनों चीन पर 100% का टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। जिसके बाद ड्रैगन भड़क उठा है। अब चीन ने ऐसा कदम उठाने की बात कही है जिसका असर अमेरिका, यूरोप सहित दुनिया के तमाम देशों पर पड़ने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। यानी एक बार फिर अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर छिड़ने वाला है, जिसका असर दुनियाभर में देखने को मिलेगा।

चीन की ओर से प्रतिबंध कड़े किए जा रहे हैं और इन सबके बीच अमेरिका के होश फाख्ता हो रहे हैं। दरअसल चीन के साथ तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री हैं स्कॉट बेंसेट। उन्होंने कहा कि अगर बीजिंग अपना रुख नहीं बदलता है तो फिर यूएस जोरदार जवाब देने के लिए पूरी तैयारी से है।

उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी। कहा अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन अगर चीन अपना रुख नहीं बदलता तो वाशिंगटन कड़ा जवाब देगा। चीन ने संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए।

## अब सीधे कर दिया कंधार पर अटैक

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान**-अफगानिस्तान सीमा पर शुरू हुई ताजा झड़पों में दर्जनों सैनिकों के साथ-साथ नागरिक भी मारे गए, बुधवार को दोनों पक्षों के सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सीमा पर लड़ाई की पहली रिपोर्ट आने के कुछ ही घंटों बाद, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में हवाई हमला किया, जैसा कि रॉयटर्स ने दोनों पक्षों के अधिकारियों के हवाले से बताया। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में प्रमुख सीमा चौकियों पर अफगानिस्तान के तालिबान द्वारा किए गए दो हमलों को नाकाम कर दिया गया। समाचार



एजेंसी एएफपी के अनुसार, बुधवार तड़के दक्षिणी कंधार प्रांत में अफगान सीमा के अफगान हिस्से में स्पिन बोल्डक के पास किए गए हमलों में लगभग 20 तालिबान लड़ाके मारे गए।

रिपोर्ट में सेना के हवाले से कहा गया है, दुर्भाग्य से यह हमला क्षेत्र के विभाजित गाँवों में किया गया, जिसमें आम आबादी की कोई परवाह नहीं की गई। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रात भर हुई झड़पों में लगभग 30 और तालिबान लड़ाकों के मारे जाने की संभावना है। अफगान अधिकारियों ने समाचार एजेंसी को बताया कि दोनों देशों की सीमा पर हुई ताजा हिंसा में 15 नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हुए।

रॉयटर्स ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान के सीमावर्ती ज़िले ओरकजई में सैनिकों और आतंकवादियों के बीच हुई लड़ाई में छह पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए और इतने ही घायल हुए।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तानी सेना पर ज़िले में एक बार फिर हल्के और भारी हथियारों से हमले करने का आरोप लगाया।

## बंधकों की लाश पर खड़े किए हाथ, क्या बोला हमास, नेतन्याहू की चेतावनी

**इजरायल**

**इजरायली** सेना ने बुधवार को दावा किया कि युद्ध विराम समझौते के तहत मंगलवार को हमास द्वारा सौंपे गए शवों में से एक शव गाजा में बंधक बनाए गए किसी व्यक्ति का नहीं है। नाजुक युद्धविराम पर दबाव कम करने के लिए हमास ने मंगलवार को चार शव सौंपे, इससे पहले सोमवार को चार शव सौंपे गए थे, जब आखिरी 20 जीवित बंधकों को रिहा किया गया था। कुल मिलाकर, इजराइल 28 मृत बंधकों के शवों की वापसी का इंतजार कर रहा था। चार शवों की रात भर की फोरेंसिक जांच के बाद, इजरायली सेना ने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि उनमें से एक शव "किसी भी बंधक से मेल नहीं खाता है।

इजरायली सेना ने चेतावनी दी हमास को मृत बंधकों को वापस लाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने होंगे। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मध्यस्थता में किए गए युद्ध विराम समझौते के तहत, हमास ने 20 जीवित इजरायली बंधकों और आठ शवों को वापस सौंप दिया है, जिनमें एक नेपाली, छह इजरायली और आठवां अज्ञात व्यक्ति शामिल है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## इजराइल को दो और बंधकों के शव सौंपे गए

**इजराइल**

**इजराइल** को हमास द्वारा बंधक बनाए गए दो और लोगों के शव बुधवार को सौंपे गए। इससे कुछ ही घंटे पहले इजराइली सेना ने कहा था कि युद्ध विराम समझौते के तहत हमास द्वारा मंगलवार को सौंपे गए शवों में से एक शव गाजा में बंधक बनाकर रखे गए व्यक्ति का नहीं है। इस भ्रम की स्थिति ने दो साल से जारी युद्ध को विराम देने वाले नाजुक समझौते को लेकर तनाव और बढ़ा दिया है।

रेड क्रॉस ने हमास द्वारा सौंपे गए शवों को बुधवार को इजराइल तक पहुंचाया। दोनों ताबूतों के इजराइल पहुंचने के बाद सेना ने एक बयान में कहा कि बंधकों की पहचान अभी तक सत्यापित नहीं हुई है।

इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसे इजराइल से 45 और फलस्तीनियों के शव मिले हैं जो युद्धविराम समझौते के क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम है। इसके साथ ही गाजा में लाए गए शवों की कुल संख्या 90 हो गई है। इस बीच फोरेंसिक टीम ने कहा कि उसे शवों के परीक्षण के बाद उनके साथ दुर्व्यवहार किए जाने के संकेत मिले हैं। युद्ध विराम समझौते के तहत हमास ने इजराइल को मंगलवार को चार बंधकों के शव सौंपे थे। इससे पहले सोमवार को चार शव सौंपे गए थे और शेष 20 जीवित बंधकों को रिहा किया गया था। कुल मिलाकर, इजराइल 28 मृत बंधकों के शवों की वापसी का इंतजार कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि फोरेंसिक जांच से पता चला है कि मंगलवार को ह्यह्यहमास द्वारा इजराइल को सौंपा गया चौथा शव किसी भी बंधक से मेल नहीं




खाता।ह्वह्व इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह शव किसका है। बंधकों की रिहाई के बदले में इजराइल ने सोमवार को लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को मांग की कि हमास बंधकों के शवों की वापसी के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तुत युद्धविराम समझौते में निर्धारित शर्तों को पूरा करे। उन्होंने कहा, हम इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे और अपने प्रयास तब तक नहीं रोकेंगे जब तक कि हम अंतिम मृतक बंधक का शव प्राप्त नहीं कर लेते। यह पहली बार नहीं है जब हमास ने इजराइल को कोई गलत शव लौटाया हो। इस साल की शुरूआत में हुए पिछले युद्धविराम के दौरान समूह ने कहा था कि उसने शिरी बिबास और उनके दो बेटों के शव सौंपे थे। मगर इजराइल में जांच के दौरान लौटाए गए शवों में से एक की पहचान फलस्तीनी महिला के रूप में हुई थी। बिबास का शव एक दिन बाद वापस लाया गया और उसकी पहचान हो गई। हमास और रेड क्रॉस ने कहा है कि गाजा में व्यापक विनाश के कारण मृत बंधकों के शवों को बरामद करना एक चुनौती है और हमास ने युद्धविराम के मध्यस्थों को बताया है कि कुछ बंधक इजराइली सैनिकों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में हैं।